RAJHIN/2016/70516

Bhilwara/171/2026-2028

सच्चाई से रूबरू

smarthalchal.com

# स्मार्ट हलचल

वर्षः 11 अंकः 30 | जयपुर बुधवार, 29 जुलाई 2026 | मूल्यः 4 रुपए | पृष्ठः 08

सीजेपी के जंतर-मंतर प्रदर्शन मामले में सर्वोच्च न्यायालय का फैसला

# सुप्रीम आदेश, आंदोलन में शामिल 18 साल से कम के छात्रों को तुरंत रिहा करो

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, आपराधिक इतिहास वाले प्रदर्शनकारियों को कोई राहत नहीं मिलेगी किसी भी तरह की ज्यादती की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच के लिए हाई पावर कमेटी बनेगी

● नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट में जंतर-मंतर प्रदर्शन मामले की सुनवाई के बाद बड़ा आदेश पारित किया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की पीठ ने अपने आदेश में कहा कि किसी भी प्रदर्शनकारी छात्र पर कोई कार्रवाई नहीं होनी चाहिए। चीफ जस्टिस ने इससे पहले सुनवाई के दौरान अपनी टिप्पणी में कहा था कि लोकतंत्र में प्रदर्शन होते रहते हैं।

उन्होंने कहा कि मामलों की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच हो। नीट पेपर लीक प्रदर्शन को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने देशभर में किसी भी छात्र के खिलाफ कठोर कार्रवाई पर रोक लगा दी है। अदालत ने 18 साल से कम के छात्रों को तुरंत रिहा करने के आदेश दिया है। हालांकि, आपराधिक इतिहास वाले प्रदशर्नकारियों को कोई राहत नहीं मिलेगी। कोर्ट ने कहा है कि प्रदर्शन से जुड़े सभी सीसीटीवी फुटेज, ड्रोन रिकॉर्डिंग, वायरलेस संचार और अन्य संबंधित रिकॉर्ड सुरक्षित रखें जाएं। अदालत ने कहा कि प्रदर्शनकारी छात्रों का डिजिटल डेटा और व्यक्तिगत जानकारी सार्वजनिक नहीं की जाएगी। कोर्ट ने केंद्र और सात राज्यों को नोटिस भी जारी किया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सरकारों का पक्ष जानने के बाद हाई लेवल कमेटी गठित होगी। कोर्ट ने कहा कि वह हालिया घटनाओं की पूरी तरह निष्पक्ष और पारदर्शी जांच कराएगा। चीफ जस्टिस ने सुनवाई के दौरान कहा कि जिसने भी ज्यादती की है उसके खिलाफ कानून अपना काम करेगा।



### केंद्र सरकार ने क्या दी दलील

केंद्र और दिल्ली सरकार की तरफ से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। उन्होंने कहा कि सरकार छात्रों पर बल प्रयोग को हल्के में नहीं ले रही है, ऐसे में कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन इस प्रदर्शन के दौरान 250 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। सही जांच कर सच्चाई बाहर आनी चाहिए। चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने मेहता को टोकते हुए कहा कि इसीलिए हम चाहते हैं कि जांच हो। तब मेहता ने कहा कि मैं नहीं समझता कि छात्रों ने हिंसा की। इसमें असमाजिक तत्व घुसे होंगे। उन्होंने कहा कि हमें असामाजिक तत्वों का डेटा पेश करेंगे। उन्होंने दावा किया ऐसे लोग प्रदर्शन में शामिल थे जो हत्या, रेप और एनडीपीएस केसों में शामिल थे।

### प्रदर्शन में शामिल थे डकैती, लूट और हत्या के आरोपी

**दिल्ली पुलिस की रिपोर्ट में हुआ खुलासा, 101 लोग ऐसे हैं, जिन पर हत्या का केस**

दिल्ली में 20 जुलाई को सीजेपी प्रोटेस्ट के दौरान भीड़ में हत्यारे, डकैत और महिलाओं का यौन शोषण करने वाले गंभीर अपराधी भी शामिल थे। सरकार ने पुलिस को जो रिपोर्ट सौंपी है उसमें ये सनसनीखेज जानकारी सामने आई है। पुलिस ने फेस रिकग्निशन सिस्टम, सीसीटीवी फुटेज, वीडियो रिकॉर्डिंग के आधार पर इनकी जांच की। रिपोर्ट के मुताबिक संसद मार्च के दौरान हिंसा, पथराव और तोड़फोड़ करने वाले तकरीबन 2873 ऐसे लोगों की पहचान की गई। पुलिस डाटाबेस से मिलान करने पर पता चला कि इनमें 989 लोग ऐसे थे जिन पर गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। जंतर-मंतर पर चल रहा प्रदर्शन 20 जुलाई को उस समय हिंसक झड़प में बदल गया था, जब प्रदर्शनकारी बिना अनुमति संसद तक मार्च निकालने पर अड़ गए थे। सुरक्षाकर्मियों के रोकने पर हालत बिगड़ गए थे और शांतिपूर्ण मार्च हिंसक झड़प में बदल गया था। इस मामले पुलिस आयुक्त अनुराग कुमार ने सरकार को जो रिपोर्ट सौंपी है, उसके मुताबिक हिंसा करने वाले ज्यादातर चेहरे आदतन अपराधी हैं। (शेष पृष्ठ 8 पर)

### कोर्ट रूम में चली दलीलें

- **मेहता:** एसआईटी के लिए जजों के नाम तय हों।
- **प्रशांत भूषण:** हम दो पूर्व ष्छ्रद्ध के नाम दे रहे हैं।
- **मेहता:** नाम अदालत खुद तय करे
- **मेहता:** अगर छात्रों को परेशानी हुई है तो ज्यादतती करने वालों के खिलाफ कार्रवाई हो।
- **मेहता:** हम नहीं चाहते कि हमारे नामों का वो विरोध करें या उनके नामों का मैं विरोध करूं।
- **मेहता:** दिल्ली हाईकोर्ट के केसों को यहां ट्रांसफर करने पर हमें कोई आपत्ति नहीं।
- **मेहता:** सारे हाईकोर्ट से केस यहां आ सकते हैं।
- **सीजेआई:** हमें इस मामले में हाई पावर कमेटी बनाने की जरूरत है। हम एक उच्च-स्तरीय जांच समिति का गठन करेंगे।

7 अगस्त से शुरू होगा मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान

# अब प्रत्येक शुक्रवार को बैठकें बंद जनता के बीच रहेगी 'सरकार'

## मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक से लेकर कलेक्टर और अन्य अधिकारी फील्ड में उतरेंगे, योजनाओं की समीक्षा होगी और शिकायतों का मौके पर होगा निराकरण

● भोपाल



प्रदेश में सरकार और जनता के बीच सीधा संवाद बढ़ाने तथा सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी हकीकत जानने के लिए राज्य सरकार 7 अगस्त से मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शुरू करने जा रही है। अभियान के तहत हर शुक्रवार को मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक, कलेक्टर और अन्य वरिष्ठ अधिकारी फील्ड में रहेंगे। वे गांवों और शहरों में लोगों से सीधे संवाद करेंगे, समस्याएं सुनेंगे और मौके पर उनके समाधान का प्रयास करेंगे।

इसी वजह से अब हर शुक्रवार मंत्रालय के साथ-साथ जिला और संभाग स्तर पर कोई बड़ी समीक्षा बैठक नहीं होगी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को कैबिनेट की बैठक में अभियान की रूपरेखा मंत्रियों के सामने रखी। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल जनसुनवाई तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सरकार की विभिन्न योजनाओं की जमीनी मॉनिटरिंग का भी प्रमुख माध्यम बनेगा। मंत्री अपने प्रभार वाले जिलों में जाएंगे, जबकि विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि भी अभियान में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। प्रशासनिक अधिकारियों की पूरी टीम उनके साथ रहेगी। कैबिनेट की बैठक के बाद लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि अभियान के दौरान सीएम हेल्पलाइन, लोक सेवा गारंटी, आयुष्मान योजना, जल जीवन मिशन, आंगनबाड़ी, खाद-बीज की उपलब्धता सहित आम नागरिकों से जुड़े विभिन्न विषयों पर विशेष फोकस रहेगा।

### अगस्त में इन चार जिलों में जाएंगे मुख्यमंत्री

अभियान के तहत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मुख्य सचिव पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जिलों का दौरा करेंगे। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक अगस्त में मुख्यमंत्री के बड़वानी, सीधी, श्योपुर और पांढुर्णा जाने का कार्यक्रम तय किया गया है। भ्रमण के दौरान संबंधित जिले का समाधान ऑनलाइन कार्यक्रम भी वहीं से आयोजित होगा।

### अभियान में इन मुद्दों पर रहेगा विशेष फोकस

अभियान के दौरान अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को लगभग 20 प्रमुख विषयों की समीक्षा करनी होगी। इनमें जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल की उपलब्धता, आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था, कुपोषण की स्थिति, स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर, दवा और उपकरणों की उपलब्धता, स्कूल-कॉलेजों में पढ़ाई की गुणवत्ता, सीएम हेल्पलाइन और जनसुनवाई की शिकायतों का निराकरण, लोक सेवा गारंटी के लंबित प्रकरण, नामांतरण, बंटवारा और सीमांकन के राजस्व मामले, किसानों की फार्मर आईडी, आयुष्मान कार्ड, समग्र आईडी ई-केवाईसी, पीएम आवास योजना, खाद-बीज की उपलब्धता, राशन दुकानों का निरीक्षण, सड़क, तालाब और अन्य शासकीय परिसंपत्तियों की स्थिति, कानून-व्यवस्था, सामाजिक सुरक्षा एवं दिव्यांग पेंशन सहित विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की जमीनी समीक्षा शामिल है।

# एंटी पेपर लीक बिल पर आज होगी लोकसभा में वोटिंग

## चर्चा के दौरान प्रियंका के बयान पर संसद में हंगामा, स्पीकर ने किया डिलीट

● नई दिल्ली/

एंटी पेपर लीक बिल पर संसद में चल रही बहस अब अहम मोड़ पर पहुंच गई है। लोकसभा में एंटी पेपर लीक बिल पर बुधवार को चर्चा आगे बढ़ेगी। चर्चा पूरी होने के बाद बिल पर वोटिंग कराई जा सकती है। इस बहस में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी भी हिस्सा लेंगे।

पेपर लीक बिल पर चर्चा के दौरान सदन में सरकार और विपक्ष के बीच तीखी बहस देखने को मिली। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने विधेयक पर बोलते हुए मौजूदा शिक्षा मंत्री प्रह्लाद जोशी को निशाने पर लिया। संसद के बाहर राहुल गांधी ने कहा कि सरकार ने रेपिस्ट की पैरवी करने वाले शख्स को शिक्षा मंत्री बनाया है। यही बात प्रियंका गांधी ने भी लोकसभा में कही, हालांकि उनकी टिप्पणी को सदन की कार्यवाही से हटा दिया गया।



### पीएम नरेंद्र मोदी क्लॉक्ड इट...

लोकसभा में चर्चा के दौरान बीजेपी सांसद बांसुरी स्वराज ने जेन-जी स्टाइल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की। सांसद बांसुरी स्वराज ने बिल पर चर्चा के दौरान कहा कि पीएम मोदी ने परीक्षा प्रणाली को क्लॉक (पूरी तरह से ठीक) किया और कानूनी समाधान दिया। दरअसल, Clock it एक जेन-जी शब्द है, जिसका इस्तेमाल आपने कमाल कर दिया या बिल्कुल सही कहने के लिए किया जाता है। इस शब्द के साथ अक्सर हाथ का एक खास इशारा भी किया जाता है, जिसमें अंगूठे और बीच वाली उंगली को आपस में मिलाया जाता है। एंटी पेपर लीक बिल को बदलाव लाने वाला संशोधन बताते हुए बांसुरी स्वराज ने कहा, यह सिर्फ एक जरूरत नहीं, बल्कि आज के दौर की मांग है।

कॉमनवेल्थ गेम्स

अजय और सर्वेश ने झटके रजत, शिल्पा को मिला कांस्य पदक

# शर्मिला ने राष्ट्रमंडल में सोना जीतकर रचा इतिहास

● नई दिल्ली/



शर्मिला धनखड़ ने महिला शॉट पुट एफ57 स्पर्धा में स्वर्ण पदक के साथ इतिहास रचा जबकि वेटलिफ्टिंग में ज्ञानेश्वरी यादव के बाद वल्लुरी अजय बाबू ने कॉमनवेल्थ गेम्स में सोमवार (28 जुलाई) को रजत पदक जीतकर भारत के अभियान को यादगार बनाया।

सर्वेश कुशारे ने पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में दबाव के बीच शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। एथलेटिक्स में कुछ अन्य खिलाड़ियों ने फाइनल और मुक्केबाजों ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर देश के लिए उम्मीदें बढ़ा दीं। भारत के लिए राष्ट्रमंडल खेलों का पांचवां दिन शानदार उपलब्धियों से भरा रहा, जहां दिन की सबसे बड़ी कहानी पैरा एथलेटिक्स से आई।

### ऊंची कूद में रजत जीतने वाले सर्वेश पहले भारतीय



राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक सर्वेश कुशारे ने पुरुषों की ऊंची कूद स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बनकर इन खेलों में इतिहास रच दिया। कुशारे ने 2.25 मीटर की ऊंचाई पार कर दूसरा स्थान हासिल किया। जमैका के रोमेन बेकफोर्ड ने स्वर्ण पदक जीता। दोनों खिलाड़ी 2.25 मीटर के बाद 2.28 मीटर पार करने में असफल रहे, लेकिन काउंटबैक नियम के आधार पर बेकफोर्ड को विजेता घोषित किया गया।

# CBI का नीट पेपर लीक पर बड़ा एक्शन

### 13 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल, एनटीए के 3 एक्सपर्ट भी शामिल

● नई दिल्ली/ राज न्यूज नेटवर्क

नीट यूजी परीक्षा पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआई ने बड़ी कार्रवाई की है। सीबीआई ने मंगलवार को दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में इस मामले में 13 आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। यह चार्जशीट सीबीआई की आर्थिक अपराध शाखा की तरफ से दाखिल की गई है।

सीबीआई सूत्रों के मुताबिक, चार्जशीट को आगे की सुनवाई के लिए पेपर लीक मामलों की सुनवाई के लिए गठित विशेष फास्ट ट्रैक कोर्ट के सामने पेश किया जाएगा। मामले में गिरफ्तार सभी 13 आरोपी फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। सीबीआई ने जिन आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है,

# पार्थ शहडोल, मृणाल मीणा छतरपुर और कुमार सत्यम बालाघाट कलेक्टर बने



आठ आईएएस अधिकारियों की नई पदस्थापना

भोपाल, प्रसं। राज्य शासन ने 8 आईएएस अधिकारियों की नई पदस्थापना की है। इस प्रशासनिक फेरबदल में तीन जिलों- शहडोल, छतरपुर और बालाघाट में नए कलेक्टर पदस्थ किए गए हैं।

मंगलवार को जारी तबादला आदेश के अनुसार अपर सचिव पंचायत एवं ग्रामीण विकास दिनेश जैन को आयुक्त-सह-संचालक खाद्य नागरिक आपूर्ति व अपर सचिव खाद्य नागरिक आपूर्ति विभाग (अतिरिक्त प्रभार) पदस्थ किया गया है। चार दिन पहले रतलाम से शहडोल में कलेक्टर पदस्थ की गई आईएएस अधिकारी मिशा सिंह को अब अपर आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास भोपाल पदस्थ किया है। उनके स्थान पर अब छतरपुर कलेक्टर पार्थ जायसवाल को शहडोल कलेक्टर बनाया गया है।

# 1964 के बाद फ्लोरिडा में पहली बार एक दिन में दो दोषियों को मृत्युदंड

**नई दिल्ली, आरएनएन।** अमेरिका के फ्लोरिडा राज्य में 1964 के बाद पहली बार एक ही दिन में दो दोषियों को मृत्युदंड दिया गया। फ्लोरिडा स्टेट प्रिजन में पहले 68 वर्षीय पूर्व पुलिसकर्मी जेम्स एरेन डकेट को लेथल इंजेक्शन देकर मौत की सजा दी गई। डकेट को 1987 में 11 वर्षीय बच्ची की हत्या का दोषी ठहराया गया था। करीब छह घंटे बाद 80 वर्षीय डोमिनिक एंथनी ओचिकोने को भी मृत्युदंड दिया गया। ओचिकोने को 1986 में अपनी पूर्व प्रेमिका के माता-पिता की हत्या के मामले में दोषी ठहराया गया था।

फ्लोरिडा में इससे पहले 12 मई 1964 के बाद किसी एक दिन में दो दोषियों को मृत्युदंड नहीं दिया गया था। इस फैसले का मानवाधिकार संगठनों और स्थानीय पादरियों ने विरोध करते हुए एक ही दिन दो लोगों को मृत्युदंड दिए जाने पर गंभीर आपत्ति जताई है।

# 1 अगस्त से नाथू ला पास के जरिए फिर शुरू होगा भारत और चीन सीमा व्यापार

**नई दिल्ली, आरएनएन।** भारत और चीन के बीच 1 अगस्त से नाथू ला पास के जरिए सीमा व्यापार दोबारा शुरू होगा। विदेश मंत्रालय ने मंगलवार को इसकी पुष्टि करते हुए कहा कि दोनों देशों के बीच पहले हुए समझौते के तहत इस फैसले को लागू किया जा रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने प्रेस वार्ता में बताया कि 19 अगस्त 2025 को जारी संयुक्त प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार दोनों देशों ने लिपुलेख, शिपकी ला और नाथू ला पास के जरिए सीमा व्यापार बहाल करने पर सहमति जताई थी।

उन्होंने कहा कि इस समझौते के तहत अब चरणबद्ध तरीके से फैसलों को अमल में लाया जा रहा है। इसी क्रम में 1 अगस्त से नाथू ला पास के रास्ते भारत-चीन सीमा व्यापार फिर शुरू होगा। नाथू ला मार्ग के खुलने से दोनों देशों के बीच सीमावर्ती व्यापार को बढ़ावा मिलने के साथ स्थानीय कारोबारियों और व्यापारिक गतिविधियों को भी गति मिलने की उम्मीद है।


# जापान में 7.1 तीव्रता का भूकंप, इमारतें ढहीं, सड़कें फटीं, मलबे में लोगों की तलाश जारी

## कई इलाकों में तबाही के निशान, मॉल का हिस्सा गिरा, आग लगी, बिजली गुल और परिवहन सेवाएं प्रभावित

● टोक्यो

दक्षिणी जापान में आए 7.1 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप ने भारी तबाही मचा दी है। कई इमारतें क्षतिग्रस्त हो गईं, सडक़ें टूट गईं और पुलों को नुकसान पहुंचा। अधिकारियों ने बड़ी संख्या में लोगों के हताहत होने की आशंका जताई है। कुमामोटो प्रांत के काशिमा टाउन स्थित एयॉन शॉपिंग सेंटर की दूसरी मंजिल ढह गई। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में लोग डर के कारण भागते और जमीन पर झुककर खुद को बचाते नजर आए।

मॉल के मलबे में कई लोगों के फंसे होने की आशंका है। फायर एंड डिजास्टर मैनेजमेंट एजेंसी के अनुसार बचाव अभियान जारी है। भूकंप के बाद कई जगहों पर आग लगने की घटनाएं सामने आईं। सोशल मीडिया वीडियो में इमारतों से धुआं उठता दिखाई दिया, जबकि दमकलकर्मी आग बुझाने में जुटे रहे। यात्सुशिरो शहर में एक पुल का हिस्सा नदी में गिर गया। कई जगह सडक़ों में बड़ी दरारें पड़ गईं। क्यूशू एक्सप्रेसवे के कुछ हिस्सों को भी भारी नुकसान पहुंचा। यात्सुशिरो स्टेशन पर मालगाड़ी के कई डिब्बे पटरी से उतर गए। रेलवे सेवाएं रोक दी गईं और कई उड़ानें भी प्रभावित हुईं। भूकंप के समय कॉस्टको सुपरमार्केट में मौजूद लोग डर के कारण बाहर भागते दिखे। वीडियो में सामान की रैक गिरती हुई और लोग बचने की कोशिश करते नजर आए। एयॉन मॉल और कई अन्य इमारतों की बाहरी दीवारों को नुकसान पहुंचा। ऐतिहासिक कुमामोटो कैसल की पत्थर की दीवारों का हिस्सा भी गिर गया।




### डेढ़ लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर जाने का निर्देश

जापानी प्रशासन ने कुमामोटो, नागासाकी, कागोशिमा, फुकुओका, सागा, ओइटा और मियाजाकी प्रांतों में आपात चेतावनी जारी की। करीब 1.5 लाख लोगों को राहत केंद्रों में जाने के निर्देश दिए गए। तटीय इलाकों के लोगों को ऊंचे स्थानों पर जाने की सलाह दी गई। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी ने सुनामी की चेतावनी जारी की थी, जिसे करीब दो घंटे बाद वापस ले लिया गया। जापानी प्रधानमंत्री साने ताकाइची ने बताया कि कई इलाकों में घायल लोग, क्षतिग्रस्त इमारतें, आग और बिजली कटौती की खबरें मिली हैं। एक अस्पताल में 50 से अधिक घायलों के पहुंचने की सूचना है। बुलेट ट्रेन में मौजूद कुछ यात्रियों के घायल होने की भी खबर है। दुनिया की सबसे बड़ी चिप निर्माता कंपनियों में शामिल टीएसएमसी ने एहतियात के तौर पर अपने कर्मचारियों को प्लांट से बाहर निकाला। सोनी और फुजीफिल्म ने भी अपने कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर भेजा। परमाणु संयंत्रों में किसी तरह की असामान्यता की सूचना नहीं मिली है। हालांकि, करीब 45 हजार घरों और संस्थानों में बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई।

**जापान में भूकंप आम, लेकिन खतरा बड़ा:** जापान दुनिया के सबसे ज्यादा भूकंप प्रभावित देशों में शामिल है। यह प्रशांत महासागर के रिंग ऑफ फायर क्षेत्र में स्थित है और यहां हर साल सैकड़ों छोटे-बड़े भूकंप आते हैं। 2011 में आए 9.0 तीव्रता के विनाशकारी भूकंप और सुनामी में करीब 18,500 लोगों की मौत हुई थी या वे लापता हुए थे। इस हादसे में फुकुशिमा परमाणु संयंत्र भी बुरी तरह प्रभावित हुआ था। कुमामोटो क्षेत्र इससे पहले 2016 में भी बड़े भूकंप की मार झेल चुका है, जिसमें 50 से ज्यादा लोगों की मौत हुई थी और हजारों घर क्षतिग्रस्त हुए थे।

# 200 किमी दूर के रवन्नों पर मांडलगढ़ की बनास से बजरी का खेल...

## रोजाना 100 से अधिक ट्रक लोड, करोड़ों का नुकसान

## निगरानी व्यवस्था पर उठे सवाल, ग्रामीणों ने प्रशासन, खनिज विभाग व पुलिस से जांच कर सख्त कार्रवाई की उठाई मांग

स्मार्ट हलचल/विशेष रिपोर्ट

**मांडलगढ़** (। भीलवाड़ा जिले के मांडलगढ़ क्षेत्र में बनास नदी से अवैध बजरी खनन और परिवहन को लेकर एक बड़ा और गंभीर मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि करीब 200 किलोमीटर दूर के खनन क्षेत्रों के नाम पर जारी रवन्नों (ट्रांजिट पास) का अनुचित उपयोग कर मांडलगढ़ की बनास नदी से प्रतिदिन 100 से अधिक ट्रक और ट्रैक्टर-ट्रेलर बजरी भरकर अलग-अलग जिलों में भेजे जा रहे हैं। यह महज अवैध खनन का मामला नहीं, बल्कि सरकार को करोड़ों रुपए के राजस्व का चूना लगाने वाला एक संगठित नेटवर्क बन चुका है।

**फर्जी रवन्ने का खेल और सड़कें हो रहीं बदहाल**

ग्रामीणों के अनुसार, बनास नदी के विभिन्न घाटों पर सुबह से लेकर देर रात तक अवैध रूप से बजरी भरने का काम बेधड़क जारी रहता है। भारी भरकम ओवरलोडेड वाहनों की निरंतर आवाजाही से क्षेत्र की ग्रामीण सड़कें पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। हवा में उड़ती धूल के कारण प्रदूषण चरम पर है और हादसों का




अंदेशा लगातार बना रहता है। इसके बावजूद जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई न होने के कारण स्थानीय निवासियों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

### निगरानी व्यवस्था और विभागीय प्रणाली पर सवाल

स्थानीय लोगों का साफ कहना है कि जिन रवन्नों के आधार पर बजरी का परिवहन किया जा रहा है, वे मांडलगढ़ क्षेत्र की खदानों के हैं ही नहीं। यदि रवन्ना किसी दूर-दराज के क्षेत्र के लिए जारी किया गया है, तो उसके दम पर मांडलगढ़ की बनास नदी से बजरी कैसे उठाई जा रही है प्रतिदिन 100 से ज्यादा भारी वाहनों के निकलने के बाद भी जांच न होना प्रशासन की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था की पोल खोलता है। समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो बनास नदी का पर्यावरणीय संतुलन पूरी तरह बिगड़ सकता है।

**मामले से जुड़े 4 प्रमुख सवाल:**

क्या दूसरे क्षेत्र के लिए जारी रवन्नों पर मांडलगढ़ से बजरी का अवैध परिवहन हो रहा है
प्रतिदिन भारी संख्या में निकल रहे ट्रकों-ट्रेलरों की मौके पर जांच क्यों नहीं की जा रही
सरकार को हो रहे करोड़ों के राजस्व नुकसान की जिम्मेदारी आखिर किसकी है
अवैध खनन व परिवहन पर स्थाई रोक लगाने के लिए संयुक्त जांच अभियान कब शुरू होगा

**ग्रामीणों ने की संयुक्त जांच और कार्रवाई की मांग**

क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन, खनिज विभाग और पुलिस प्रशासन से संयुक्त रूप से विशेष अभियान चलाकर इस पूरे नेटवर्क का पर्दाफाश करने की पुरजोर मांग की है। साथ ही रवन्नों की सत्यता (Geo-Verification) की जांच कर यह स्पष्ट करने का आग्रह किया है कि स्वीकृत खदान कौन सी है और परिवहन किस स्थान से किया जा रहा है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि इस अनियमिता में शामिल दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए।

## आम रास्ते पर अतिक्रमण से थमा आवागमन, ग्रामीणों ने एसडीएम से लगाई न्याय की गुहार

### खेत, कुएं, तालाब और काल भैरव मंदिर तक जाने का एकमात्र मार्ग बंद होने का आरोप, शिकायतकर्ताओं ने धमकाने की भी जताई आशंका

स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक** ग्राम पंचायत लुहारी कलां के सोराम मास्टर के झूपड़ा के ग्रामीणों ने आम रास्ते पर हुए कथित अतिक्रमण को हटाने की मांग को लेकर मंगलवार को उपखंड अधिकारी (एसडीएम) जहाजपुर को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के एक व्यक्ति ने मुख्य आम रास्ते पर अवैध रूप से कच्चा कोट (बाड़बंदी) बनाकर रास्ता बंद कर दिया है, जिससे ग्रामीणों का आवागमन पूरी तरह प्रभावित हो गया है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में बताया कि यह मार्ग उनके खेतों, कुओं, तालाब तथा अन्य आवश्यक स्थानों तक पहुंचने का एकमात्र रास्ता है। इसी मार्ग पर काल भैरव का धार्मिक स्थल भी स्थित है, जहां दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं एवं पशुपालकों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि इस संबंध में पहले भी कई बार प्रशासन को शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि संबंधित व्यक्ति राजनीतिक प्रभाव और धनबल के चलते अतिक्रमण हटाने से बचता रहा है। वहीं, शिकायत करने वाले ग्रामीणों को खुलेआम धमकियां दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों ने एसडीएम से मांग की कि आम रास्ते को तत्काल अतिक्रमण मुक्त कराया जाए, ताकि वर्षों से उपयोग में आ रहा मार्ग पुनः सुचारु हो सके और ग्रामीणों को राहत मिल सके। ज्ञापन पर सोराम मास्टर के झूपड़ा के अनेक ग्रामीणों के हस्ताक्षर भी किए गए।

## नयापुरवा में महिला के शव मिलने के दो दिन बाद पति का शव भी मिला, क्षेत्र में सनसनी

स्मार्ट हलचल

**शारदानगर खीरी।** क्षेत्र के ग्राम नयापुरवा में एक महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिलने के दो दिन बाद उसके पति का शव मिलने से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। पुलिस दोनों घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, दो दिन पूर्व नयापुरवा गांव में एक महिला का शव उसके घर के पास संदिग्ध अवस्था में मिला था। सूचना पर पहुंची थाना शारदा नगर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। उस समय पुलिस ने कहा था कि मृत्यु के कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा। इसी बीच मंगलवार सुबह महिला के पति का शव गन्ने के खेत में लटका मिला। ग्रामीणों ने शव देखे जाने पर तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतरवाकर कब्जे में लिया और आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू की। थाना प्रभारी शारदानगर बृजमोहन सैनी ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। महिला की मृत्यु के कारणों तथा पुरुष की मौत की परिस्थितियों की जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में शोक और दहशत का माहौल है। बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे अपुष्ट सूचनाएं और अफवाहें प्रसारित न करें तथा जांच में सहयोग करें। पुलिस का कहना है कि दोनों घटनाओं के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है और तथ्य सामने आने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## 'स्वच्छ भारत' का मजाक: सेथुरिया के सोपुरा में सड़क पर तैर रहा गंदा पानी

### वार्ड 10-11 बने गंदगी के तालाब, 'स्विमिंग पूल' में डूबा विकास

### 5 साल से नालियों की मांग, सरपंच-सचिव ने नहीं सुनी 7 महिलाएं कीचड़ में लेकर जा रहीं बच्चे, बीमारियों का खतरा

स्मार्ट हलचल

**गुरला** एक तरफ केंद्र और राज्य सरकार 'स्वच्छ भारत मिशन' पर हजारों करोड़ खर्च करने का दावा कर रही है। दूसरी तरफ भीलवाड़ा जिले की ग्राम पंचायत सेथुरिया के सोपुरा गांव के वार्ड 10 और 11 में इंसान की जिंदगी की कोई कीमत ही नहीं है। यहां 5 साल से नालियों की साफ-सफाई व नाली नहीं बनी। नतीजा - घर-घर से निकलने वाला गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। बारिश में पूरा वार्ड तालाब बन जाता है। स्थानीय लोग तंज कसते हुए इसे सरकार का दिया हुआ स्विमिंग पूल 'ड्ड कहते हैं।



**जिंदगी और मौत के बीच रास्ता हमारी टीम जब मौके पर पहुंची तो रूह कांप गई।**

'वोट ले लिए, अब मरने दो' - ग्रामीण वार्डवासी फूट-फूट कर रो पड़े। स्थानीय निवासी: सचिव सरपंच को कही बार कह चुके। हर बार कहते हैं 'अबकी बार नाली बन जाएगी'। 5 साल निकल गए। बारिश में घरों में सांप-बिच्छू घुस जाते हैं। सुबह होते ही घर से निकलते हीर इसी नाले जैसे पानी से होकर खेत पर अन्य काम के लिए घर से बाहर जाना पड़ता है। पैरों में नालियों का गंदा पानी ओर घरों में। रात भर मच्छर काटते हैं। डेंगू हो गया तो कौन जिम्मेदार होगा स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि इस तरह का रुका हुआ गंदा पानी डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और पेट की बीमारियों की फैक्ट्री है। कागजों में विकास, जमीन पर कीचड़ सबसे बड़ा सवाल: पंचायत को हर साल लाखों का फंड आता है। वो जाता कहां है? सोपुरा निवासी भेरू पुरी गोस्वामीने बताया की चुनाव में हाथ जोड़कर आए थे। बोले थे नाली और सड़क पक्की करेंगे। अब कॉल करो तो ज़वाब नहीं क्या हमारी जान की कोई कीमत नहीं ग्रामीणों का आरोप है कि वार्ड 10-11 में विकास के नाम पर सिर्फ फाइलों में हस्ताक्षर हुए हैं।

### नगर माहेश्वरी महिला संस्थान ने जरूरतमंद बेटियों के जीवन में घोली खुशियां

## अध्यक्ष वीणा मोदी के नेतृत्व में तथा आभा जाजू के सहयोग से 200 बालिकाओं को वस्त्र, दो कन्याओं को विवाह सामग्री भेंट

### स्वर्णिम बाल एवं किशोरी विकास समिति के सेवा कार्यक्रम में सामाजिक सरोकार निभाते हुए जरूरतमंद परिवारों को मिला संबल

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (पंकज पोरवाल)।** सामाजिक सरोकार और जनकल्याण की अपनी गौरवमयी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नगर माहेश्वरी महिला संस्थान ने 'स्वर्णिम बाल एवं किशोरी विकास समिति' के अंतर्गत एक भव्य एवं गरिमामय सेवा कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में जरूरतमंद बालिकाओं और कन्याओं की सहायता कर समाजसेवा का प्रेरणादायी संदेश दिया गया। संस्थान की अध्यक्ष वीणा मोदी ने बताया कि संस्था समाज के हर वंचित वर्ग तक सहायता पहुँचाने के लिए निरंतर



कार्यरत है। इसी क्रम में स्वर्णिम बाल एवं किशोरी विकास समिति की संयोजिका आभा जाजू के विशेष सहयोग एवं सौजन्य से 200 जरूरतमंद बालिकाओं एवं किशोरी कन्याओं को उत्कृष्ट गुणवत्ता के 200 जोड़ी वस्त्र वितरित किए गए। इसके अलावा समाज की दो जरूरतमंद कन्याओं के विवाहोपरांत जीवन को सहज और सम्मानजनक बनाने के उद्देश्य से उन्हें विवाह उपहार स्वरूप रसोई में उपयोग आने वाले सभी आवश्यक बर्तन तथा एक-एक पलंग (कॉट) भेंट किया गया। संस्थान का मानना है कि आर्थिक अभाव किसी भी बेटी के उज्ज्वल और सुखद भविष्य की राह में बाधा नहीं बनना चाहिए। कार्यक्रम में गायत्री मूंदड़ा सहित संस्थान की अनेक सदस्याओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। संस्थान की सचिव विनीता तोषनीवाल एवं कार्यकारिणी समिति ने विश्वास व्यक्त किया कि नगर माहेश्वरी महिला संस्थान भविष्य में भी शिक्षा, महिला स्वावलंबन, बालिका विकास, कन्या विवाह सहायता एवं अन्य सामाजिक सरोकारों से जुड़े सेवा कार्यों को इसी समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ निरंतर आगे बढ़ाता रहेगा।

### खोया नहीं, वापस मिलेगा!

# भीलवाड़ा पुलिस की साइबर टीम का बड़ा कारनामा

## जिलेभर में चला रिकवरी अभियान, हर थाने की सक्रियता से 281 मोबाइल बरामद

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** यदि आपका मोबाइल गुम हो गया है या चोरी हो गया है, तो अब घबराने की जरूरत नहीं है। भारत सरकार के CEIR (सेंट्रल इक्विपमेंट आइडेंटिटी रजिस्टर) पोर्टल और भीलवाड़ा पुलिस की सक्रियता ने सैकड़ों लोगों की उम्मीदें लौटाई हैं। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए गए विशेष अभियान के तहत पिछले तीन माह में 281 खोए एवं चोरी हुए मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को सौंप दिए गए। सोमवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान एसपी सागर राणा की मौजूदगी में शहर क्षेत्र के 60 से अधिक बरामद मोबाइल फोन उनके



वास्तविक मालिकों को सुपुर्द किए गए। शेष मोबाइल संबंधित पुलिस थानों के माध्यम से उनके मालिकों तक पहुंचाए गए। वर्षों की मेहनत की कमाई से खरीदे गए मोबाइल वापस मिलने पर लोगों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दी और उन्होंने भीलवाड़ा पुलिस का आभार जताया। अभियान का संचालन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) राजेश आर्य के सुपरविजन में किया गया। रिकवरी अभियान में सबसे अधिक 47 मोबाइल प्रतापनगर थाना, 26 गुलाबपुरा, 18 करेड़ा, 16 जहाजपुर, 12 सुभाषनगर, 11-11 गंगापुर और कोटड़ी, 10 बनेड़ा, 9-9 हनुमान नगर और कोतवाली, 8-8 भीमगंज, बिजौलिया, मांडल एवं मांडलगढ़ सहित जिले के सभी थाना क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी रही। भीलवाड़ा पुलिस के अनुसार CEIR पोर्टल पर अब तक दर्ज 2709 ट्रेस शिकायतों में से 2005 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए जा चुके हैं, जो साइबर पुलिसिंग की बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है। जिला स्तर पर CEIR पोर्टल का संचालन साइबर सेल प्रभारी आशीष मिश्रा के नेतृत्व में नोडल कार्मिक कांस्टेबल छोटू रेबारी द्वारा किया जा रहा है। इस अभियान में साइबर सेल और विभिन्न थानों के साइबर हेल्प डेस्क कार्मिकों ने तकनीकी समन्वय के साथ महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि मोबाइल गुम होने या चोरी होने पर तुरंत ष्टश्वढ्ढक्र पोर्टल या संचार साथी ऐप पर शिकायत दर्ज करें तथा नजदीकी पुलिस थाने या जिला साइबर सेल को सूचना दें। समय पर शिकायत दर्ज होने से मोबाइल को ब्लॉक कर उसका दुरुपयोग रोका जा सकता है और ट्रेस होने पर उसे शीघ्र वास्तविक मालिक तक वापस पहुंचाया जा सकता है।

## एनडीपीएस कोर्ट का अहम फैसला, आरपी को 15 साल कठोर कारावास ओर जुर्माने का मिला दंड

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** 6 साल पुराने एनडीपीएस एक्ट के एक मामले में दोष सिद्ध होने के बाद एनडीपीएस कोर्ट ने अहम फैसला सुनाते हुए आरोपी को 15 वर्ष कठोर कारावास ओर डेढ़ लाख रु अर्थदंड से दंडित किया । विशिष्ट न्यायाधीश एनडीपीएस ने आरोपी सुरेश विश्नोई को सजा सुनाई । विशिष्ट लोक अभियोजक रामस्वरूप ने गुर्जर ने बताया की दोष सिद्ध करने 11 गवाह 107 दस्तावेज पेश किए । 11 फरवरी 2020 में तत्कालीन थाना अधिकारी मांडलगढ़ महावीर प्रसाद को एएसपी सूर्यवीर सिंह सीआईडी सीबी जयपुर ने एक स्कार्पियो में अवैध मादक पदार्थ के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार करने की सूचना दी जिस पर थाना प्रभारी महावीर प्रसाद मय टीम मौके पर पहुंचे दौरान कार से दो आरोपी भागने लगे दोनो का पीछा किया एक को पकड़ लिया दूसरा फरार हो गया । आरोपी से पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता सुरेश विश्नोई पिता सहदराम विश्नोई निवासी अक्तासनी लूनी जोधपुर बताया स्कार्पियो तलाशी में उसमे 15 कट्टो में 296 किलो 700 ग्राम अवैध अफीम डोडा चूरा, जरीकेन में 20 लीटर पेट्रोल भरा हुआ ओर लोहे का दाथला मिला पुलिस ने डोडा चूरा, कार ओर अन्य सामान को जप्त कर एनडीपीएस एक्ट में गिरफ्तार कर मामला दर्ज किया जांच पूरी होने के बाद कोर्ट में चार्जशीट दाखिल की सुनवाई पूरी होने के बाद आरोपी को 15 साल कठोर कारावास ओर 1.5 लाख रु जुर्माने का दंड मिला ।



## बनास नदी में अवैध बजरी खनन पर बड़लियास पुलिस की कार्रवाई, तीन ट्रैक्टर ट्रॉली व एक बाइक जप्त

स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर ( सांवर वैष्णव )** सवाईपुर क्षेत्र के जीवा का खेड़ा गांव के पास से गुजर रही मेवाड़ की गंगा बनास नदी से अवैध बजरी परिवहन पर बड़लियास पुलिस ने कार्रवाई हुए तीन ट्रैक्टर ट्राली व एक बाइक को जप्त कर थाने लाकर खड़ा किया । थाना प्रभारी जसवंत सिंह ने बताया कि मंगलवार सुबह जीवा का खेड़ा के पास बनास नदी से अवैध बजरी परिवहन करते तीन ट्रैक्टर-ट्रॉली व ट्रैक्टरों की निगरानी करते एक बाइक को जप्त किया । पुलिस ने ट्रैक्टर-ट्रॉली व बाइक को डिटेन कर थाने लाकर खड़ा किया, इसकी सूचना माइनिंग विभाग को दी, पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र के बजरी माफियों में हड़कंप सा मच गया ।



## झमाझम बारिश से तरबतर हुआ जहाजपुर, लोगों को उमस से मिली राहत



### मुख्य बाजार और सड़कों पर भरा पानी, किसानों के चेहरों पर लौटी मुस्कान

स्मार्ट हलचल

**अलकेश पारीक** जहाजपुर मंगलवार को जहाजपुर क्षेत्र में हुई तेज बारिश ने मौसम का मिजाज पूरी तरह बदल दिया। दोपहर बाद शुरू हुई झमाझम बारिश से जहां लोगों को भीषण गर्मी और उमस से राहत मिली, वहीं शहर की कई मुख्य सड़कों और चौराहों पर पानी भर गया। बारिश के दौरान बाजार में मौजूद दुकानदारों और ठेला संचालकों ने छतरियों व तिरपाल का सहारा लेकर अपना काम जारी रखा। बारिश के कारण वाहन चालकों को भी सावधानी बरतनी पड़ी और कुछ समय के लिए यातायात की रफ्तार धीमी हो गई। बस स्टैंड और मुख्य बाजार क्षेत्र में जलभराव की स्थिति देखने को मिली, जिससे राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ा।वहीं, क्षेत्र के किसानों ने बारिश का स्वागत किया। उनका कहना है कि यह वर्षा खरीफ फसलों, विशेषकर सोयाबीन, मक्का और उड़द की फसलों के लिए लाभदायक साबित होगी। खेतों में नमी बढ़ने से फसलों की बढ़वार को गति मिलेगी। मौसम सुहावना होने से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की और कई स्थानों पर बच्चों व युवाओं ने बारिश का आनंद भी लिया। हालांकि, नगर के कुछ हिस्सों में जल निकासी की व्यवस्था कमजोर होने से पानी भरने की समस्या एक बार फिर सामने आई, जिससे नगर परिषद की व्यवस्थाओं पर भी सवाल उठने लगे।

### बनेड़ा पुलिस की बड़ी कार्यवाही

## तालाब किनारे जुआ फड़ पर दबिश, दो जुआरी गिरफ्तार

### चमनपुरा में चल रहे जुए के अड्डे पर पुलिस की कार्रवाई,26,780 की जुआ राशि, मोटरसाइकिल व जुआ सामग्री जब्त

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (जम)** जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जिलेभर में अवैध गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बनेड़ा थाना पुलिस ने जुआरियों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए चमनपुरा गांव के तालाब के पेटे के पास संचालित जुए के फड़ पर दबिश दी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से दो आरोपियों को रंगे हाथों जुआ खेलते गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से ?26,780 की नकद जुआ राशि, जुआ खेलने में प्रयुक्त सामग्री तथा हीरो एचएफ डिलक्स मोटरसाइकिल जब्त की है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान राजमल खटीक एवं कमलेश सुवालका के रूप में हुई है। दोनों के खिलाफ राजस्थान जुआ अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि जिले में अवैध जुआ, सट्टा और अन्य गैरकानूनी गतिविधियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा तथा कानून व्यवस्था बिगाड़ने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



### राजस्थान पुलिस का प्रदेशव्यापी विशेष अभियान का एक सप्ताह

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशा के अनुरूप जीरो टॉलरेंस नीति के तहत ताबड़तोड़ कार्रवाई

## चिह्नित 1 हजार 715 हार्डकोर अपराधियों पर कसा शिकंजा,

**राज्य भर में हुई 529 कार्रवाई में 744 हार्डकोर अभियुक्त गिरफ्तार**

**साढ़े तीन लाख से अधिक वाहनों के विरूद्ध हुआ एक्शन**

**1245 साइबर अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए 258 आरोपियों को गिरफ्तार किया**

**साइबर ठगों से 2.45 करोड़ रुपये बरामद**







स्मार्ट हलचल

**जयपुर।** मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा एवं मुख्य सचिव श्री वी ?श्रीनिवास द्वारा कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठकों में दिए गए निर्देशों की प्रभावी पालना सुनिश्चित करते हुए राजस्थान पुलिस ने 20 जुलाई से 20 अगस्त, 2026 तक पूरे प्रदेश में एक माह का विशेष अभियान संचालित किया है। महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में चल रहे इस अभियान का उद्देश्य प्रदेश में सुदृढ़ कानून-व्यवस्था स्थापित करना, हार्डकोर एवं वांछित अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई, नशा तस्करी, साइबर अपराध, अवैध हथियार, अवैध खनन तथा अन्य संगठित अपराधों पर निर्णायक अंकुश लगाना, सीमावर्ती क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ाना तथा जनभागीदारी के माध्यम से सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना है। अभियान के पहले सात दिनों में ही राजस्थान पुलिस ने विभिन्न मोर्चों पर उल्लेखनीय सफलता हासिल करते हुए अपराधियों के विरुद्ध व्यापक कार्रवाई कर राज्य सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति को प्रभावी रूप से धरातल पर उतारा है।

**हार्डकोर अपराधियों पर कड़ा एक्शन**

महानिदेशक पुलिस श्री राजीव कुमार शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान पिछले सप्ताह भर में पुलिस टीमों ने दबिश देकर चिह्नित 1,715 हार्डकोर अपराधियों के विरुद्ध 529 प्रभावी कानूनी व निरोधात्मक कार्रवाई की। इस कार्रवाई में 744 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। जोधपुर रेंज ने सर्वाधिक 331 अपराधियों को गिरफ्तार कर प्रथम स्थान पर रही वहीं उदयपुर रेंज ने 100 अपराधियों को गिरफ्तार कर द्वितीय व बीकानेर रेंज ने 67 अपराधियों को गिरफ्तार कर तीसरा स्थान बनाया। अजमेर रेंज और जयपुर आयुक्तालय ने 60-60 अपराधियों को गिरफ्तार किया।

**नशे के नेटवर्क पर करारा वार: 339 प्रकरण दर्ज, 477 आरोपी गिरफ्तार**

मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए चलाए गए अभियान में पुलिस ने 339 एनडीपीएस प्रकरण दर्ज कर 477 आरोपियों को गिरफ्तार किया। नशा तस्करों के खिलाफ सबसे घातक प्रहार बीकानेर रेंज में देखने को मिला, जहाँ सर्वाधिक 83 प्रकरण दर्ज कर 110 आरोपियों को सलाखों के पीछे भेजा गया। इसके अलावा जयपुर आयुक्तालय में 48, कोटा रेंज में 41 व जयपुर रेंज में 34 एनडीपीएस प्रकरण दर्ज किए गए।

**साइबर अपराधियों पर शिकंजा: 2.45 करोड़ बरामद, 86.83 लाख पीड़ितों को लौटाए**

साइबर फ्रॉड के खिलाफ चलाए गए अभियान में पुलिस ने 1245 साइबर अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए 258 आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस टीमों ने अपराधियों के पास से 2 करोड़ 45 लाख 77 हजार 652 रुपये की राशि बरामद की, जबकि 86 लाख 83 हजार 843 रुपये पीड़ितों को वापस दिलाए। इस मामले में जयपुर आयुक्तालय ने 68 लाख से अधिक तथा जयपुर रेंज ने 58 लाख से अधिक की राशि बरामद की।

**अवैध हथियार, खनन और बीएनएस की धाराओं में कार्रवाई**

1. **अवैध हथियार:** आर्म्स एक्ट के तहत 132 प्रकरण दर्ज किए गए, जिनमें भरतपुर रेंज (42), जयपुर रेंज (21) और बीकानेर रेंज (19) प्रमुख रहे।
2. **अवैध खनन:** अवैध खनन के खिलाफ पूरे प्रदेश में 260 प्रकरणों में कार्रवाई की गई, जिसमें अजमेर रेंज में 73 तथा जयपुर रेंज में 53 मामले दर्ज हुए।
3. **170 BNS कार्रवाई:** शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु 3337 मामलों में 170 बीएनएस के तहत कार्रवाई की गई।

**नाकाबंदी और यातायात अभियान: 86 हजार से अधिक वाहनों पर एमवी एक्ट में कार्रवाई**

प्रदेशभर में 9 हजार 683 प्रभावी नाकाबंदी पॉइंट बनाकर 2 लाख 90 हजार 201 वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान यातायात नियमों की धज्जियां उड़ाने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए कुल 86793 वाहनों पर मोटर वाहन अधिनियम (MV Act) के तहत कार्रवाई की गई।

इसमे बिना हेलमेट 205874 वाहन चालको, बिना सीट बेल्ट 5275 वाहन चालक, शराब पीकर वाहन चलाने वाले 4587 चालक, काली फिल्म लगे 7182 वाहन के विरूध्द कार्रवाई की गई।

**सुरक्षित यातायात के लिए 2 लाख 66 हजार से अधिक कार्रवाई**

इस दौरान पुलिस ने यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए 2 लाख 66 हजार 600 वाहनचालकों के विरूद्ध कार्रवाई की, जिसमें तेज गति से वाहन चलाने पर 39,199 कार्रवाई, शराब पीकर वाहन चलाने पर 5622, बिना हेलमेट 46906, ओवरलोड वाहन 80734 और अन्य 94139 कार्रवाई की गई है।

**महिला सुरक्षा जागरूकता और कम्युनिटी पुलिसिंग**

अभियान के तहत महिला सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 3199 जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। इसके साथ ही आमजन में सुरक्षा का भाव मजबूत करने और पुलिस-पब्लिक संवाद बढ़ाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में 3199 जागरूकता अभियान संचालित कर 551 कम्युनिटी लाइजन ग्रुप (सीएलजी) बैठकों का आयोजन किया गया।

**कानून का खौफ ही हमारी प्राथमिकता-डीजीपी**

राजस्थान पुलिस प्रदेश में कानून और व्यवस्था को अक्षुण्ण रखने, संगठित अपराध, नशा तस्करी, साइबर ठगी और महिला अपराधों पर पूर्णतः अंकुश लगाने के लिए संकल्पबद्ध है। मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति पर पुलिस का यह महा-अभियान 20 अगस्त तक इसी कड़ाई से जारी रहेगा। हमारा एक ही लक्ष्य है अपराधियों के दिलों में कानून का खौफ और आमजन के मन में पुलिस के प्रति अटूट विश्वास।

## चलती बाइक पर हाथ पर आया सांप का बच्चों, बड़ा हादसा टला



स्मार्ट हलचल

**सवाईपुर ( सांवर वैष्णव )** सवाईपुर क्षेत्र के बड़लियास कस्बे से गुजर रही एक बाइक पर उस समय हड़कंप मचा गया, जब बाइक चलाते समय चालक के हाथ पर सांप का बच्चों आ गया । जिससे चालक घबरा गया लेकिन सूझबूझ दिखाते हुए बाइक को दुकान पर लेकर आया और सांप के बच्चे को बाहर निकाला । प्राप्त जानकारी के अनुसार सिंगोली क्षेत्र के नरसिंह सागर निवासी एक युवक बाइक से भीलवाड़ा जा रहा था, इसी दौरान बड़लियास सवाईपुर रोड़ पर विद्युत ग्रिड के पास अचानक चलती बाइक के आगे की लाईट के माथे में से एक सांप का बच्चा निकाल कर अचानक हाथ पर आ गया, जिसे देखकर बाइक चालक घबरा गया और कुछ पल के लिए दोनों हाथ छोड़ दिए, लेकिन बाद में समय पर बाइक पर वापस नहीं नियंत्रण पा लिया और पास ही बाइक रिपेयरिंग की दुकान पर ले गया, जहां लाईट को खोलकर सांप के बच्चे को बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला, इस दौरान मौके पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा हो गई ।

## ताश के पत्तों पर दांव लगाते दो जुआरी गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**बनेड़ा -** थाना सर्किल के चमनपुरा ग्राम के तालाब के पास ताश के पत्तों पर सट्टा खेलते दो जनों को गिरफ्तार किया है है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से हजारों की नकदी बरामद कि है। थाना पुलिस ने 27 जुलाई को गश्त के दौरान चमनपुरा गांव की और गई। इस तालाब में अंग्रेजी बबूलो की आड़ में ताश के पत्तों पर सट्टा खेलते दो जनों को दबोचा तथा उनके कब्जे से 26 780 रुपये की नकदी बरामद कि है। पुलिस ने ताश के पत्तों पर दांव लगाते चमनपुरा निवासी राजमल पिता कस्तुर चंद खटीक तथा कमलेश पिता चुन्नी लाल सुवालका को गिरफ्तार करने क साथ ही आरोपियों से एक एच एफ डीलक्स मोटरसाइकिल भी जब्त कि है।



## समझौते के नाम पर युवक को उसके घर बुलाया, दरवाजा खोलते ही रिश्तेदारों ने चाकू से किया ताबड़तोड़ हमला

स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत भीलवाड़ा।** शहर के गांधीनगर थाना क्षेत्र स्थित चपरासी कॉलोनी में मंगलवार को पुरानी रंजिश के चलते एक युवक पर उसके ही घर में घुसकर चाकू से हमला करने का मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए महात्मा गांधी अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना मिलने पर गांधीनगर थाना पुलिस अस्पताल पहुंची और घायल के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी। घायल अभिषेक सेन पुत्र श्यामलाल सेन उम्र 26 वर्ष निवासी चपरासी कॉलोनी ने बताया कि उसकी घीसूलाल सेन निवासी लांबिया से करीब तीन वर्ष से रंजिश चल रही थी, हालांकि दोनों पक्षों के बीच पहले समझौता हो चुका था। अभिषेक का कहना है कि मंगलवार को घीसूलाल ने फोन कर कहा कि बैठकर बात करनी है और उसे उसके घर आने के लिए कहा। वह काम से आधे दिन की छुट्टी लेकर अपने घर पहुंचा। कुछ देर बाद घीसूलाल सेन निवासी लांबिया, करण सेन , मुकेश तेली, लीला देवी और घीसू लाल की पत्नी उसके घर पहुंचे और जैसे ही उसने अपने घर का दरवाजा खोला करण ने उस पर चाकू से हमला कर दिया और आंख में उंगली डालकर घायल कर दिया। इसके बाद घीसूलाल ने उसके पैर पर चाकू से वार किया, जबकि अन्य लोगों ने भी मेरे साथ मारपीट करी। घटना की सूचना पर गांधीनगर थाना पुलिस जिला अस्पताल पहुंची और घायल से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली। फिलहाल पुलिस घायल के बयान के आधार पर हमलावरों की तलाश कर रही है



## राजेंद्र मार्ग विद्यालय मे ध्यान सत्र का आयोजन; छात्रों ने सीखे मन की शांति और एकाग्रता के गुर

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राजेंद्र मार्ग, भीलवाड़ा में 'हार्टफुलनेस' संस्था की ओर से एक विशेष ध्यान (मेडिटेशन) एवं मार्गदर्शन सत्र का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संस्था के प्रतिनिधि एवं अजमेर के पूर्व संयुक्त निदेशक महावीर कुमार शर्मा मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। सत्र के दौरान महावीर कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को 'हार्ट मेडिटेशन' (हृदय ध्यान) के महत्व से अवगत कराया और बताया कि किस प्रकार ध्यान के माध्यम से मानसिक तनाव को दूर कर एकाग्रता और सकारात्मक ऊर्जा को बढ़ाया जा सकता है। इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित छात्रों को ध्यान का व्यावहारिक अभ्यास भी कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्रधानाचार्य राजेंद्र सिंह गहलोत ने की। उन्होंने मुख्य अतिथि शर्मा का राजस्थानी परंपरा अनुसार साफा बांधकर स्वागत किया तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति सजगता का संदेश देते हुए उन्हें पौधा भेंट किया। कार्यक्रम का कुशल संचालन प्राध्यापक सांवरा लाल कुमावत ने किया। वहीं, कार्यक्रम की संपूर्ण मीडिया कवरेज और प्रेस विज्ञप्ति का दायित्व मीडिया प्रवक्ता एवं प्राध्यापक सत्येन्द्र माली ने निभाया।इस अवसर पर उप प्रधानाचार्य अंकित उपाध्याय, प्राध्यापक राजेश कुमार शर्मा, भागचंद जैन सहित विद्यालय का समस्त सम्मानित स्टाफ एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

### छोटीसादड़ी नगर सेवादल कार्यकारिणी की घोषणा

# पूर्व मंत्री उदयलाल आंजना की अनुशंसा पर विभिन्न पदों पर नियुक्तियां...

## कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का लिया संकल्प

स्मार्ट हलचल

**छोटीसादड़ी, (ज़ाकिर हुसैन)** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस सेवादल द्वारा संगठन को और अधिक सक्रिय एवं मजबूत बनाने के उद्देश्य से छोटीसादड़ी नगर सेवादल की विस्तारित कार्यकारिणी की घोषणा की गई। यह नियुक्तियां राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष उदयलाल आंजना की अनुशंसा, राष्ट्रीय अध्यक्ष बी.वी. श्रीनिवास, प्रदेश अध्यक्ष हेम सिंह शेखावत तथा चित्तौड़गढ़ जिला कांग्रेस अध्यक्ष गौतम विजयवर्गीय की सहमति से की गई हैं। नवनियुक्त नगर सेवादल अध्यक्ष हरीश कुमार टेलर ने बताया कि संगठन में अनुभवी एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं, जिससे कांग्रेस की नीतियों एवं जनहितकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाया जा सके। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से संगठन हित में समर्पित भाव से कार्य करते हुए कांग्रेस को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का आह्वान किया। घोषित कार्यकारिणी में संरक्षक के रूप में जगन्नाथ सोलंकी तथा संगठन महासचिव के रूप में शेखर आचार्य नियुक्त किए गए हैं। उपाध्यक्ष पद पर लक्ष्मीलाल आंजना, बसंतीलाल यादव, राजकुमार गायरी, पंकज शर्मा, शाकिर मंसूरी एवं उदयलाल माली को जिम्मेदारी सौंपी गई है। महासचिव पद पर दिलीप शर्मा, धनराज गायरी, शैलेन्द्र टेलर एवं कमलेश टेलर को नियुक्त किया गया है। कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी अरविंद देवड़ा को दी गई है। सचिव पद पर बंटी माली, ललित टेलर, आकाश यादव, मनीष देवड़ा एवं भवानीशंकर कुमावत को नियुक्त किया गया है। इसी प्रकार सदस्य के रूप में जयनारायण यादव, विनोद रेगर, प्रेमशंकर पुरोहित, भैरूलाल प्रजापत एवं मनोहर प्रजापत को शामिल किया गया है। प्रवक्ता पद पर जितेन्द्र मराठा को नियुक्त किया गया है, जबकि सोशल मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी शांतिलाल उपाध्याय एवं महिपाल साहू को सौंपी गई है। सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन की मजबूती, जनसंपर्क बढ़ाने तथा कांग्रेस की विचारधारा को आमजन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा एवं सक्रियता से कार्य करने का संकल्प व्यक्त किया।

## 'ईरास सर्किल' को मिले संत राजूराम महाराज का नाम, तेली समाज की मांग तेज



### कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन, प्रमुख चौराहे पर प्रतिमा व स्मारक निर्माण की भी उठाई मांग

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा (महेन्द्र नागौरी)** समस्त तेली (साहु) समाज ने शहर के प्रमुख ईरास सर्किल अथवा किसी अन्य महत्वपूर्ण चौराहे का नाम 'संत शिरोमणि राजूराम महाराज सर्कल' रखने की मांग को लेकर सोमवार को जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। साथ ही चौराहे पर संत राजूराम महाराज की प्रतिमा एवं स्मारक निर्माण की स्वीकृति देने का भी आग्रह किया। समाज के अध्यक्ष नानूराम तेली ने बताया कि संत शिरोमणि राजूराम महाराज ने भक्ति, सामाजिक समरसता और मानवता का संदेश देकर समाज को नई दिशा दी। वहीं सचिव पप्पूलाल तेली ने कहा कि नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से जोड़ने और जनभावनाओं का सम्मान करने के लिए शहर के प्रमुख चौराहे का नाम उनके नाम पर रखा जाना चाहिए। प्रतिनिधिमंडल ने इस संबंध में ज्ञापन की प्रतियां यूआईटी सचिव और नगर निगम आयुक्त को भी भेजकर शीघ्र सकारात्मक निर्णय की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान समाज के कई पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# चातुर्मास के प्रारंभ पर शांतिभवन में तप आराधना का विराट स्वरूप, 300 से अधिक तपस्वियों ने युवाचार्यश्री से लिए प्रत्याख्यान

## तप आत्मशुद्धि और सकाम कर्मनिर्जरा की साधना है : युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी

स्मार्ट हलचल

**पुनित चपलोत भीलवाड़ा** तप आत्मशुद्धि और सकाम कर्मनिर्जरा की साधना है। आत्मा पर अनादिकाल से संचित कर्मों के मैल को दूर कर उसे निर्मल बनाने का प्रभावी साधन तप है। तपस्या में आने वाली वेदना को समभावपूर्वक सहन करते हुए कर्मों का क्षय करना ही तप का वास्तविक प्रयोजन है। यह उद्बोधन श्रमण संघीय युवाचार्य महेन्द्र ऋषिजी महाराज ने शांतिभवन में आयोजित विशाल धर्मसभा में धर्मचक्र तप की आराधना कर रहे 300 से अधिक तपस्वी भाई-बहनों की तपस्या की अनुमोदना करते हुए व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि तपस्या किसलिए है, क्यों की जाती है और तप का वास्तविक उद्देश्य केवल भोजन के त्याग में नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और कर्मनिर्जरा में निहित है। जैसे किसी स्थान की गंदगी दूर करने के लिए उसे साफ करना पड़ता है, वैसे ही आत्मा पर जन्म -जन्मांतर से संचित कर्मों के मैल को दूर करने के लिए तप आवश्यक है। तपस्या का मूल्य इस बात से नहीं आंका जा सकता कि साधक ने कितने दिन भोजन का त्याग किया, बल्कि इससे कि उस तप के दौरान उसने अपने भीतर कितनी समता, संयम और आत्मजागरण विकसित किया। आगम में निर्जरा के चार स्वरूपों का उल्लेख करते हुए युवाचार्यश्री ने कहा कि वेदना और निर्जरा का संबंध समझना आवश्यक है। वेदना कष्ट को सहन करने की स्थिति है, जबकि निर्जरा आत्मा पर बंधे कर्मों के क्षय का नाम है। इसलिए केवल कष्ट सह लेना ही तप की पूर्णता नहीं है; कष्ट के बीच मन की समता और कर्मों के क्षय की दिशा में साधना ही तप को सार्थक बनाती है। युवाचार्यश्री ने कहा कि महापुरुषों ने वेदना के बीच भी समता नहीं छोड़ी। उनके लिए वेदना केवल सहन करने की वस्तु नहीं, बल्कि संचित कर्मों के क्षय का अवसर थी। यही महा वेदना-महा निर्जरा का स्वरूप है। इसके विपरीत जहां कष्ट तो बहुत हो, लेकिन मन में द्वेष, प्रतिशोध और अशांति बनी रहे, वहां कर्मों की निर्जरा अल्प होती है। तप की वास्तविक शक्ति शरीर की पीड़ा में नहीं, बल्कि उस पीड़ा के प्रति साधक की दृष्टि में निहित है। उन्होंने कहा कि कर्म सिद्धांत में चमत्कार का कोई स्थान नहीं है। कर्मों का क्षय किसी चमत्कार से नहीं, बल्कि साधना, समता और पुरुषार्थ से होता है। कष्ट आने पर भय, चिंता और हाय-हाय करने से वेदना कम नहीं होती, बल्कि मन नए कर्मों के बंध का कारण बन जाता है। इसके विपरीत समभाव से सहन की गई वेदना कर्मनिर्जरा का माध्यम बनती है। और यही सिद्धांत जीवन के व्यवहार में भी लागू होता है। जहां मनुष्य दूसरों को दुख देने, प्रतिशोध लेने और एक-दूसरे की पीड़ा बढ़ाने में लगा रहता है, वहां जीवन स्वयं नरक के समान बन जाता है। धर्म मनुष्य को दूसरों के दुख का कारण बनने की नहीं, बल्कि सबके मंगल और सुख की भावना रखने की प्रेरणा देता है। दूसरों को पीड़ा देकर स्वयं सुखी होने का प्रयास अंततः अपने ही कर्मबंधन को मजबूत करता है। युवाचार्यश्री ने स्पष्ट किया कि तप केवल उपवास या आहार त्याग तक सीमित नहीं है। यह मनुष्य की अनादिकालीन आहार, भय, मैथुन और परिग्रह की संज्ञाओं पर विजय पाने की साधना भी है। शरीर उपवास में हो और मन निरंतर भोजन, पारणे या विषयों के चिंतन में लगा रहे तो तप का उद्देश्य अधूरा रह जाता है। तप तब सार्थक होता है, जब शरीर के साथ मन भी त्याग और संयम में स्थिर रहे। उन्होंने कहा कि तप का उद्देश्य यश, प्रदर्शन या किसी सांसारिक उपलब्धि की प्राप्ति नहीं, बल्कि आत्मशुद्धि,कर्मनिर्जरा और आत्म कल्याण है। तपस्या बाहरी प्रदर्शन नहीं, भीतर की यात्रा है। तप के माध्यम से मनुष्य अपने भीतर संचित कर्मों के पुंज को क्षीण करते हुए आत्मा को मोक्ष की दिशा में आगे बढ़ता है। धर्मसभा में महासती मधुकंवरजी, उपप्रवर्तिनी दिव्यज्योतिजी,महासाध्वी सुचेता जी, विदुषी प्रियुदर्शना जी सहित 19 साधु- साध्वीवृंद का सानिध्य रहा। शांतिभवन आनंद अनुभूति चातुर्मास के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद चीपड़ एवं शांतिजैन महिला मंडल की अध्यक्षा सिम्मी पोखरना ने बताया कि धर्मचक्र तप के अंतर्गत 300 से अधिक तपस्वी भाई-बहनों ने सामूहिक रूप से दो उपवास के प्रत्याख्यान युवाचार्यश्री से ग्रहण किए। बुधवार को तीन उपवास की आराधना तथा गुरुवार को सभी तपस्वियों के सामूहिक पारणे शांतिभवन में रखे गए हैं।



### जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की प्रगति की समीक्षा

# मौसमी बीमारियों व स्नेक बाइट उपचार पर चिकित्सकों का किया आमुखीकरण

## टीबी मुक्त भारत, हाई रिस्क गर्भावस्था प्रबंधन एवं मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए चिकित्सकों को दिए निर्देश, उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आशाओं का हुआ सम्मान

स्मार्ट हलचल

**भीलवाड़ा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजीव कुमार शर्मा ने बताया कि जिला कलेक्टर श्री जसमीत सिंह संधू के निर्देशानुसार मंगलवार को आईएमए हॉल, भीलवाड़ा में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सतत सुधार, समयबद्ध मॉनिटरिंग एवं आमजन को बेहतर चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. प्रदीप कटारिया ने टीबी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत हाई रिस्क क्षेत्रों में



अधिक से अधिक संभावित मरीजों की एक्स-रे जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं जिला आरसीएच अधिकारी डॉ. अभिनव निर्वाण ने ग्रामीण क्षेत्रों में हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की समय पर पहचान कर उनके हीमोग्लोबिन एवं रक्तचाप (बीपी) की पुनः जांच कर गुणवत्तापूर्ण मातृ स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

**उत्कृष्ट सेवाओं के लिए आशाओं का हुआ सम्मान**

इस अवसर पर परिवार कल्याण कार्यक्रम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली तीन आशा सहयोगिनियों को अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रामकेश गुर्जर एवं डॉ. प्रदीप कटारिया ने मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया।

**मौसमी बीमारियों व स्नेक बाइट उपचार पर चिकित्सकों का किया आमुखीकरण**

बैठक के उपरांत चिकित्सा अधिकारियों के लिए मौसमी बीमारियों एवं स्नेक बाइट के चिकित्सकीय प्रबंधन विषय पर आमुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में डॉ. दौलत मीणा ने स्नेक बाइट के वैज्ञानिक उपचार एवं आपातकालीन प्रबंधन की जानकारी पीपीटी के माध्यम से विस्तार से दी। प्रो. डॉ. रंजीत मौर्य ने मलेरिया, डेंगू एवं स्क्रब टायफस जैसी मौसमी बीमारियों के उपचार प्रोटोकॉल को समझाया, जबकि डॉ. संजय जैन ने इन बीमारियों की रोकथाम, बचाव एवं प्रभावी प्रबंधन पर चिकित्सकों का मार्गदर्शन किया। बैठक एवं कार्यशाला में अतिरिक्त सीएमएचओ डॉ. रामकेश गुर्जर, डीटीओ डॉ. प्रदीप कटारिया,जिला आरसीएच अधिकारी डॉ. अभिनव निर्वाण, डॉ. स्वाति मित्तल, जिले के समस्त ब्लॉक मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी प्रभारी तथा सीएमएचओ कार्यालय के विभिन्न अनुभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## ब्यावर में SDRF ई-3 टीम का औचक निरीक्षण




### एसपी व कमांडेंट ने परखी तैयारियाँ, सुरक्षा मानकों के पालन के दिए निर्देश

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल (SDRF) ई-3 रेस्क्यू टीम ब्यावर की कार्यकुशलता और आपदा प्रबंधन की तैयारियों का जायजा लेने के लिए उच्चाधिकारियों ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री रतन सिंह एवं SDRF कमांडेंट श्री राजेंद्र सिंह सिसोदिया ने संयुक्त रूप से टीम के कार्यालय और संसाधनों का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने रेस्क्यू उपकरणों, सुरक्षा संसाधनों और आपदा राहत सामग्री की कार्यक्षमता की गहराई से जाँच की। उन्होंने उपस्थित जवानों से विभिन्न आपदा स्थितियों में अपनाई जाने वाली रेस्क्यू तकनीकों के बारे में जानकारी ली और हर समय तत्पर रहने के निर्देश दिए। सुरक्षा मानकों और SOP के कड़ाई से पालन पर जोर पुलिस अधीक्षक एवं SDRF कमांडेंट ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी रेस्क्यू ऑपरेशन में स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ प्रभावित लोगों को सुरक्षित निकालना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने अधिकारियों व जवानों को निर्देशित किया कि सभी ऑपरेशन्स के दौरान 'स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर' (SOP) और सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतते हुए पूरी सतर्कता, अनुशासन और आपसी समन्वय से काम करने पर बल दिया गया।

**जवानों की तत्परता की सराहना**

निरीक्षण के अंत में अधिकारियों ने SDRF ब्यावर टीम के समर्पण, सतर्कता और त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता की जमकर सराहना की। उन्होंने जवानों का उत्साहवर्धन करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार अनुशासित रहकर उत्कृष्ट जनसेवा प्रदान करने का आह्वान किया।

## अखिल राजस्थान हिदायतुल कमेटी मुस्लिम तेली समाज की बैठक हुई आयोजित

स्मार्ट हलचल,अजीम खान चिनायटा

**हिंडौन/अखिल** राजस्थान हिदायतुल कमेटी मुस्लिम तेली समाज की बैठक भट्टा कॉलोनी स्थित प्रदेश कार्यालय पर आयोजित हुई जिसमें संगठन को मजबूत करने पर चर्चा हुई प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद रफीक ने बताया कि संगठन का विस्तार करते हुए प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद निजामुद्दीन ने सर्व सहमति से अमीर खान पनवेडा वाले हाल निवासी हिंडौन कृष्णा कॉलोनी, को संगठन का करौली जिला अध्यक्ष बनाया गया कमेटी की तरफ से नवनियुक्त जिला अध्यक्ष का साफा व माला पहनाकर सम्मान किया गया नियुक्ति पत्र प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जारी किया गया। इसमें अमीर खान को संगठन के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने, समाज के लोगों को एकजुट करने और जरूरतमंदों की मदद करने की जिम्मेदारी सौंपी गई इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद निजामुद्दीन ने कहा कि अमीर खान के नेतृत्व में करौली जिले में संगठन नई ऊंचाइयों को छुएगा नियुक्ति पर मुस्लिम तेली समाज में खुशी की लहर है। समाज के लोगों ने अमीर खान को बधाई दी और उम्मीद जताई कि वे सभी को साथ लेकर चलेंगे। अमीर खान ने इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी के लिए प्रदेश अध्यक्ष का आभार जताया और कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी से समाज की सेवा करेंगे इस मौके पर
प्रदेश अध्यक्ष मोहम्मद निजामुद्दीन
प्रदेश प्रवक्ता मोहम्मद रफीक
अल्ली चौधरी, हाजी अयूब खान, आदि आदि मौजूद थे

## शरीर के बाहरी मेल पर नहीं, आत्मा के मैल को धोने का करें प्रयास, तभी होगा भवसागर से पार : रविन्द्र मुनि

राजेन्द्र बबलू पोखरना



**कोटड़ी।** मेवाड़ गौरव एवं प्रखर वक्ता पूज्य गुरुदेव श्री रविन्द्र मुनि महाराज ने प्रवचन के दौरान कहा कि मनुष्य शरीर के बाहरी मेल को धोने और उसे सजाने-संवारने में तो बहुत समय, धन और ऊर्जा खर्च करता है, लेकिन आत्मा पर चढ़े राग, द्वेष, क्रोध, मान, माया और लोभ रूपी मैल को दूर करने का प्रयास नहीं करता। जब तक आत्मा का मैल समाप्त नहीं होगा, तब तक वास्तविक शांति और भवसागर से मुक्ति संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि बाहरी स्वच्छता आवश्यक है लेकिन उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण आत्मिक शुद्धि है। तप, त्याग, संयम, स्वाध्याय, ध्यान और धर्म आराधना के माध्यम से आत्मा को निर्मल बनाया जा सकता है। यदि मनुष्य बाहरी आडंबर और व्यर्थ के खर्चों को सीमित कर आत्मकल्याण की दिशा में आगे बढ़े तो उसका जीवन सार्थक बन सकता है। रविन्द्र मुनि ने कहा कि चातुर्मास आत्मचिंतन, आत्मशुद्धि और धर्म साधना का श्रेष्ठ अवसर है। इस अवधि में प्रत्येक व्यक्ति को अपने दोषों का निरीक्षण करते हुए उन्हें दूर करने का संकल्प लेना चाहिए। जीवन की वास्तविक सफलता बाहरी वैभव में नहीं, बल्कि आत्मा की पवित्रता और सदाचार में निहित है। प्रवचन के अंत में श्रद्धालुओं से नियमित धर्म आराधना, नवकार मंत्र का जाप, स्वाध्याय तथा संयमपूर्ण जीवन अपनाने का आह्वान किया गया। बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं ने गुरुदेव के प्रेरक प्रवचनों का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया। इस दौरान श्री वर्द्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ के अध्यक्ष निर्मल लोढ़ा, चातुर्मास समिति के अध्यक्ष शान्ति लाल पोखरना ने चातुर्मास में आयोजित सभी कार्यक्रमो में अधिक से अधिक श्रावक-श्राविकाओं को उपस्थित होने का आह्वान किया। साथ ही तप आराधना कर चातुर्मास को सफल बनाने पर जोर दिया।

### साइबर फ्रॉड में लिप्त म्युल खाता धारक गिरफ्तार

# प्रकरण में अब तक आरोपी चिराग मीणा उर्फ चिन्टू मीणा सहित 17 आरोपी हो चुके है गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी** भवानी मंडी पुलिस ने साइबर फ्रॉड के खिलाफ कार्रवाई करते हुए म्यूल खाताधारक को गिरफ्तार किया इस प्रकरण में अभी तक 17 आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि वर्तमान में बढ़ते हुए साइबर एवं अन्य धोखाधड़ी के अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने एवं अपराध में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी कानूनी कार्यवाही हेतु सभी थानाधिकारियों को थाना स्तर पर टीम गठित कर कार्यवाही हेतु विशेष अभियान चला रखा है। जिसके अन्तर्गत पुलिस थाना भवानीमण्डी द्वारा थाना हाजा पर विशेष टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा साइबर अपराध में संलिप्त म्यूल बैंक खाता धारक चिराग मीणा उर्फ चिन्टू मीणा को गिरफ्तार



करने में महत्वपूर्ण सफलता अर्जित की है।

**घटना विवरणः-** गत 9 अप्रैल अखेराम एसआई पुलिस थाना भवानीमण्डी को विशेष अभियान म्यूल हंटर के तहत एक गोपनीय सूचना प्राप्त हुई कि इलाका पुलिस थाना भवानीमण्डी में ललित राणा पुत्र श्री दिनेश जाति लोहार निवासी रामनगर भवानीमण्डी थाना भवानीमण्डी जिला झालावाड़ के स्वयं के बैंक खाते को म्यूल बैंक खाते के रूप में उपयोग कर उन म्यूल बैंक खातों के माध्यम से बड़े पैमाने पर साइबर धोखाधड़ी करते हैं। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पाया गया कि ललित राणा के स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा भवानीमण्डी के बैंक खाता का साइबर फ्रॉड में उपयोग हुआ है जिस पर खाता धारक ललित राणा के खिलाफ जुर्म धारा 318(4), 316(2) बी.एन.एस. 2023 व धारा 66ष्ठ आई टी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया गया।

**कार्यवाही पुलिसः-** जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार व भागचंद मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड़ के निर्देशन एवं सत्यनारायण गोदारा आर.पी.एस. उपाधीक्षक वृत भवानीमण्डी के निकटतम सुपरविजन में प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी थाना भवानीमण्डी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा प्राप्त आसूचना व तकनीकी विश्लेषण के आधार पर 03 माह से फरार साइबर अपराध में संलिप्त म्यूल बैंक खाता धारक चिराग मीणा उर्फ चिन्टू मीणा को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है।

**गिरफ्तार आरोपीः-**

चिराग मीणा उर्फ चिन्टू मीणा पुत्र श्री छोटू लाल मीणा जाति मीणा उम्र-21 साल निवासी श्रीराम कॉलोनी, वार्ड नम्बर-22, भवानीमण्डी पुलिस थाना भवानीमण्डी जिला-झालावाड़ (राज.)

**गठित टीमः-**

प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी पुलिस थाना भवानीमण्डी
तेजेन्द्र सिंह कानि 1379 पुलिस थाना भवानीमण्डी
हरिराम सैनी कानि 1258 पुलिस थाना भवानीमण्डी
महेश कुमार कानि 1380 पुलिस थाना भवानीमण्डी

## डिगारिया में 22 वर्षीय विवाहिता की करंट लगने से मौत:

### पशुओं के लिए चारा काटते समय हुआ हादसा, दो बेटियां हुई बेसहारा

स्मार्ट हलचल

**अविनाश मीणा घाड़ (देवली), टोंक** टोंक जिले के दूनी तहसील के डिगारिया गांव की नया गांव ढाणी में मंगलवार को एक 22 वर्षीय विवाहिता की करंट लगने से मौत हो गई। वह कुएं पर पशुओं के लिए चारा काट रही थी, तभी विद्युत ट्रांसफार्मर से जुड़े खंभे में उतरे करंट की चपेट में आ गई। जानकारी के अनुसार, नया गांव डिगारिया निवासी विजया पत्नी मनीष गुर्जर (22 वर्ष) अपने खेत पर पशुओं के लिए चारा काट रही थी। इसी दौरान पास स्थित विद्युत ट्रांसफार्मर के लोहे के



खंभे में अचानक करंट उतर आया, जिससे विजया उसकी चपेट में आ गई और मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में हड़कंप मच गया। वे तुरंत विजया को दूनी अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने दूनी थाने में कानूनी कार्रवाई के लिए प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। दूनी अस्पताल में मृतका का पोस्टमार्टम कराया गया और शव अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है। मृतका विजया अपने पीछे दो छोटी बच्चियां छोड़ गई हैं। इस घटना से परिवार में दुख का माहौल है।

### राष्ट्रीय गुरू आस्था परिवार के पौधारोपण में रोपे 200 पौधे

# गुरुदेव के आशीर्वाद से शुरू हरित महाअभियान, 200 पौधों रोपे मेडिकल कॉलेज परिसर

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** तपोभूमि प्रणेता आचार्य 108 श्री प्रज्ञासागर जी मुनिराज के पावन आशीर्वाद एवं प्रेरणा से संचालित 'एक करोड़ वृक्ष' अभियान को मंगलवार को कोटा में गति मिली। राष्ट्रीय गुरु आस्था परिवार, कोटा के तत्वावधान में मेडिकल कॉलेज स्पोर्ट्स ग्राउंड परिसर में वर्ष-2026 के द्वितिय पौधारोपण अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें 200 पौधों का रोपण कर उनके संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया। चैयरमेन यतीश जैन खेडावाला ने बताया कि कार्यक्रम में मेडिकल कॉलेज, कोटा के प्राचार्य डॉ. निलेश जैन, नगर निगम कोटा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी तथा सकल दिगम्बर जैन समाज



समिति, कोटा के अध्यक्ष प्रकाश बज ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सहयोग से उपलब्ध कराए गए पौधों के माध्यम से अभियान को गति मिली। अध्यक्ष लोकेश जैन व महामंत्री नवीन दौराया ने बताया कि कार्यक्रम के आचार्य 108 श्री प्रज्ञासागर जी मुनिराज ससंघ का आशीर्वाद भी प्राप्त हुआ। उपस्थित जनों ने गुरुदेव के 'एक करोड़ वृक्ष' संकल्प को जन-जन तक पहुंचाने तथा इसे जनआंदोलन बनाने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर राष्ट्रीय गुरु आस्था परिवार के चेयरमैन यतीश जैन खेड़ावाला, अध्यक्ष लोकेश जैन, महामंत्री नवीन दौराया, कोषाध्यक्ष अजय जैन, नितेश जैन सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के संयोजक भूपेंद्र पिड़ावा, राजीव पाटनी, अंकुर बाकलीवाल, अभिनन्दन कोटिया, पंकज लुहाड़िया, चेतन जैन तथा रॉबिन काला ने अभियान के सफल संचालन में सक्रिय भूमिका निभाई। सकल समाज के अध्यक्ष प्रकाश बज व कोटा के प्राचार्य डॉ. निलेश जैन ने कहा कि पौधारोपण केवल पौधे लगाने तक सीमित नहीं है, बल्कि उनका संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है। अभियान के तहत लगाए गए सभी 41 पौधों की नियमित देखरेख एवं संरक्षण का भी सामूहिक संकल्प लिया गया।

## रोटरी क्लब पद्मिनी ने 50 से अधिक औषधीय एवं छायादार पौधे लगाकर दिया हरियाली का संदेश




### आंवला, नीम, पीपल, शीशम, अमलतास सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण, संरक्षण का भी लिया संकल्प

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने की दिशा में रोटरी क्लब पद्मिनी ने दादाबाड़ी स्थित गुरु गोविंद सिंह पार्क में 50 से अधिक औषधीय, छायादार एवं पर्यावरण हितैषी पौधों का पौधापण किया। अध्यक्ष दीप्ति राजावत ने बताया कि पौधारोपण के दौरान आंवला, अमलतास, शीशम, इमली, पीपल, नीम, बेलपत्र तथा अशोक सहित औषधीय एवं हरित प्रजातियों के पौधे लगाए गए। क्लब सदस्यों ने पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया, ताकि लगाए गए पौधे भविष्य में घने वृक्ष बनकर पर्यावरण संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष दीप्ति राजावत, पूर्व अध्यक्ष मंजू यादव, सचिव डॉ. प्रीति, गुरप्रीत आनंद, शुभा गुप्ता, डॉ. रश्मि दाधीच, नीता मित्तल, मोनिका नुवाल, दीप्ति गुप्ता सहित क्लब की अन्य सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर पौधारोपण किया। क्लब अध्यक्ष दीप्ति राजावत ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को शुद्ध नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वस्थ और सुरक्षित भविष्य की नींव भी तैयार करते हैं। उन्होंने सभी नागरिकों से अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी देखभाल करने का आह्वान किया।

# बकरी चोरी की वारदात में फरार चल रहे दो आरोपी गिरफ्तार एक आरोपी पूर्व में भी किया जा चुका है गिरफ्तार

स्मार्ट हलचल

**रणवीर सिंह चौहान भवानी मंडी** भवानी मंडी पुलिस ने बकरी चोरी की वारदात में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की प्रकरण में एक अभियुक्त पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है
जिला पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि जिले में चोरी की घटनाओ को गंभीरता से लेते हुये जिले में सभी थानाधिकारियों को थाना स्तर पर टीम गठित कर आपराधिक प्रवृतियों के बदमाशों को चिहिन्त कर अपराधियों की धरपकड हेतु विशेष अभियान चला रखा है। जिसके अन्तर्गत पुलिस थाना भवानीमण्डी द्वारा थाना हाजा पर



एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा बकरियों चोरी की वारदात में फरार चल रहे आरोपी दिनेश एवं कल्लू कंजर को गिरफ्तार कर प्रकरण हाजा के मालमुश्रुका 21 हजार रूपये जप्त करने में सफलता अर्जित की है।

**घटना विवरणः-** दिनांक 24 जून को फरियादी राहुल सिंह पुत्र बहादुर सिंह निवासी कुण्डीखेडा थाना भवानीमण्डी ने उप थाना होकर एक प्रार्थना पत्र पेश किया कि दिनांक 20 जून कि घटना है मैं हकाई करके घर पर आकर रात को लगभग 11.30 बजे सो गया था हमारे घर के पास बाडे में मेरी बकरियां 11 नग छोटे बड़े थे जो रात को मैंने समाल लिये थे सुबह जब मैं 06.30 बजे उठा तो बाडे में एक भी बकरी नहीं मिली हमने आस पास गांव में तलाश की परन्तु कोई पता नहीं चला इत्यादी पर प्रकरण दर्ज कर प्रकरण हाजा के माल व अज्ञात मुल्जिमान की तलाश पतारसी शुरू की गयी।

**कार्यवाही पुलिसः-** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार व भागचन्द मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड के निर्देशन एवं सत्यनारायण गोदारा आरपीएस वृताधिकारी वृत भवानीमण्डी के निकटतम सुपरविजन में प्रमोद कुमार पु.नि. थानाधिकारी थाना भवानीमण्डी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा तकनीकी एवं मनवीयात्मक आधार पर वारदात में संलिप्त आरोपीगणो का पता लगाया जाकर बकरिया चोरी की वारदात में फरार चल रहे दिनेश एवं कल्लू कंजर को गिरफ्तार कर प्रकरण हाजा का माल मश्रुका में 21 हजार रूपये जप्त करने में सफलता अर्जित की है। बकरिया चोरी की वारदात में संलिप्त एक आरोपी राजेन्द्र पिता ब्रजमोहन जाति वैष्णव निवासी बडोदिया कुण्डल थाना रावटभाटा जिला चितोडगढ को गिरफ्तार किया जाकर आरोपी के कब्जे से 20 हजार 200 रूपये जप्त एवं वारदात में प्रयुक्त वाहन पिक-अप को पूर्व में जप्त किया जा चुका है।

**गिरफ्तार आरोपीः-**

1. दिनेश पुत्र चतुरजंन जाति बागरी निवासी देवरिकला थाना चेचट जिली कोटा ग्रामीण
2. कल्लू कंजर पुत्र श्यामलाल निवासी रेन का खेडा थाना रावटभाटा जिला चितोडगढ

**गठित टीमः-**

प्रमोद कुमार पु.नि, थानाधिकारी पुलिस थाना भवानीमण्डी
राजेश शर्मा स.उ.नि, पुलिस थाना भवानीमण्डी
विकास कानि 285 पुलिस थाना भवानीमण्डी
प्रेमाराम कानि 657 पुलिस थाना भवानीमण्डी
पुष्पेन्द्र कानि 1190

### विशेष साइबर अभियान के तहत बूंदी पुलिस की बड़ी सफलता

# लगभग 25 लाख कीमत के 101 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर वास्तविक मालिकों को लौटाए

स्मार्ट हलचल




**बूंदी-** जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा (IPS) ने बताया कि महानिदेशक पुलिस, साइबर क्राइम, राजस्थान, जयपुर के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष साइबर अभियान के तहत बून्दी पुलिस ने गुमशुदा एवं चोरी हुए मोबाइल फोन की बरामदगी में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। अभियान के दौरान जिले के समस्त पुलिस थानों एवं साइबर पुलिस टीम द्वारा CEIR पोर्टल, IMEI ट्रैकिंग तथा आधुनिक तकनीकी विश्लेषण की सहायता से गुमशुदा मोबाइल फोन को ट्रेस कर बरामद करने की प्रभावी कार्रवाई की गई। इस विशेष अभियान के अंतर्गत कुल 101 गुमशुदा मोबाइल फोन सफलतापूर्वक बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कुल कीमत लगभग 25 लाख है। आवश्यक सत्यापन एवं कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करने के उपरांत सभी मोबाइल फोन उनके वास्तविक मालिकों को पुलिस अधीक्षक कार्यालय, बून्दी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधिवत सुपुर्द किए गए। मोबाइल फोन वापस प्राप्त करने वाले नागरिकों ने बून्दी पुलिस का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें अपने गुम हुए मोबाइल के वापस मिलने की उम्मीद नहीं थी, लेकिन बून्दी पुलिस के निरंतर प्रयासों, आधुनिक तकनीक के प्रभावी उपयोग एवं त्वरित कार्रवाई के कारण उनके मोबाइल सुरक्षित वापस मिल सके। इस सफलता से आमजन का पुलिस के प्रति विश्वास और अधिक मजबूत हुआ है।

**पुलिस की प्रभावी कार्यवाही**

विशेष साइबर अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी के निर्देशन में जिले के सभी पुलिस थानों एवं साइबर टीम द्वारा लगातार तकनीकी विश्लेषण किया गया। CEIR पोर्टल, IMEI ट्रैकिंग एवं अन्य आधुनिक तकनीकी संसाधनों की सहायता से विभिन्न राज्यों एवं जिलों में सक्रिय मोबाइल फोन को ट्रेस किया गया। संबंधित व्यक्तियों से संपर्क स्थापित कर नियमानुसार कानूनी प्रक्रिया पूर्ण करते हुए 101 मोबाइल फोन बरामद किए गए तथा उनके वास्तविक मालिकों को लौटाए गए। बून्दी पुलिस द्वारा पूर्व में भी CEIR पोर्टल की सहायता से बड़ी संख्या में गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद कर आमजन को राहत प्रदान की जा चुकी है तथा भविष्य में भी इस प्रकार की कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।

**साइबर हेल्पलाइन पोस्टर जारी**

अभियान के दौरान आमजन को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के अतिरिक्त जिले के साइबर हेल्पलाइन नं. 8764862409 का जागरूकता पोस्टर भी जारी किया गया। नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी या ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की स्थिति में तत्काल जिले के हेल्पलाइन नंबर या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज कराएं।

**आमजन से अपीलः-** जिला पुलिस अधीक्षक श्री अवनीश कुमार शर्मा (IPS) ने आमजन से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति का मोबाइल फोन गुम हो जाए अथवा चोरी हो जाए, तो वह बिना विलंब अपने निकटतम पुलिस थाना अथवा साइबर पुलिस थाना में सूचना दर्ज कराएं। नागरिक स्वयं भी CEIR पोर्टल के माध्यम से अपने मोबाइल की गुमशुदगी दर्ज कर मोबाइल को ब्लॉक कराने एवं उसकी ट्रैकिंग की प्रक्रिया प्रारंभ कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समय पर सूचना देने से मोबाइल फोन बरामद होने की संभावना काफी बढ़ जाती है तथा साइबर अपराधों की रोकथाम में भी सहायता मिलती है। बून्दी पुलिस आधुनिक तकनीक का प्रभावी उपयोग करते हुए आमजन की सुरक्षा, सुविधा एवं विश्वास बनाए रखने के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है।

## भव्य गुरु पूर्णिमा महोत्सव का आयोजन बुधवार, बारिश के बीच भी भक्तों में उत्साह बरकरार



संजय चौरसिया हरनावदाशाहजी।

कस्बे के समीप अकलेरा मार्ग स्थित बीलखेड़ा बालाजी धाम में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर आयोजित दो दिवसीय भव्य महोत्सव में मंगलवार को बारिश के बावजूद भक्तों का उत्साह देखने लायक रहा। हल्की से मध्यम वर्षा के बीच भी श्रद्धालु बड़ी संख्या में आयोजन स्थल पर पहुंचे और भक्ति भाव से कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी सनकादिक रामानंद संत आश्रम के संत परम पूज्य गुरुदेव महामंडलेश्वर अभिराम दास त्यागी महाराज के सान्निध्य में आयोजित इस धार्मिक कार्यक्रम के तहत मंगलवार को अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ किया गया। बारिश के बीच भी श्रद्धालु पूरे श्रद्धा भाव से पाठ में जुटे रहे। रात्रि 8 बजे गुरु आराधना, गुरुदेव की वाणी तथा संगीतमय भजन संध्या का आयोजन होगा, जिसमें भक्तगण भक्ति रस में सराबोर होंगे। आयोजन के दूसरे दिन बुधवार को प्रातः हवन, पूजन एवं पूर्णाहुति के साथ महाआरती होगी। इसके बाद सुबह 10 बजे से गुरु पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन रखा गया है, जिसमें सभी श्रद्धालुओं के लिए महाप्रसादी की व्यवस्था रहेगी। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर पुण्य लाभ लेने की अपील की है।

# बाहरी व्यक्तियों का प्रवेश निषेध' के बोर्ड ने खड़े किए सवाल, क्या DPRO कार्यालय में पारदर्शिता पर लग गया ताला...?

### जिला पंचायत राज अधिकारी कार्यालय के बाहर लगे नोटिस से मचा बवाल, सूचना के अधिकार और जनसुनवाई पर उठे सवाल

स्मार्ट हलचल




**श्रीकान्त सिंह शाक्य लखीमपुर खीरी।** जिला पंचायत राज अधिकारी (DPRO) कार्यालय के बाहर लगा एक नोटिस इन दिनों चर्चा का विषय बना हुआ है। कार्यालय के प्रवेश द्वार पर चस्पा सूचना में लिखा है कि 'कार्यालय स्टाफ के अतिरिक्त अन्य बाहरी व्यक्तियों/कर्मचारियों का प्रवेश निषेध है।' इस नोटिस ने न केवल आम नागरिकों बल्कि सामाजिक कार्यकर्ताओं और पत्रकारों के बीच भी कई सवाल खड़े कर दिए हैं। आम लोगों का कहना है कि जिला पंचायत राज अधिकारी का कार्यालय एक सार्वजनिक सरकारी कार्यालय है, जहां ग्रामीण विकास, पंचायतों और जनहित से जुड़े मामलों में नागरिक अपनी शिकायतें और समस्याएं लेकर पहुंचते हैं। ऐसे में यदि बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगाई जाती है, तो आम जनता अपनी बात अधिकारियों तक कैसे पहुंचाएगी? इस नोटिस को लेकर यह सवाल भी उठ रहे हैं कि यदि शिकायतकर्ता, सामाजिक संगठन, पत्रकार या भ्रष्टाचार की शिकायत करने वाले लोग कार्यालय में प्रवेश ही नहीं कर सकेंगे, तो सरकारी कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही कैसे सुनिश्चित होगी? लोगों का कहना है कि इससे भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की जांच प्रभावित हो सकती है। स्थानीय लोगों का मानना है कि सरकारी कार्यालय जनता के लिए होते हैं, न कि केवल कर्मचारियों के लिए। यदि सुरक्षा या व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कोई व्यवस्था लागू की गई है, तो उसके स्पष्ट दिशा-निर्देश सार्वजनिक किए जाने चाहिए, ताकि आम नागरिकों के अधिकार प्रभावित न हों। हालांकि, यह स्पष्ट नहीं है कि यह नोटिस किस विशेष परिस्थिति में लगाया गया है और इसका उद्देश्य क्या है। कई सरकारी कार्यालयों में सुरक्षा कारणों से प्रवेश को नियंत्रित किया जाता है, लेकिन यदि इससे जनसुनवाई या शिकायत निवारण बाधित होता है तो संबंधित विभाग को स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि जिला प्रशासन या जिला पंचायत राज अधिकारी इस नोटिस पर क्या स्पष्टीकरण देते हैं और क्या आम नागरिकों की कार्यालय तक पहुंच और जनसुनवाई की व्यवस्था पूर्ववत सुनिश्चित की जाएगी।

## 29 जुलाई को ब्यावर में कांग्रेस का 'जन आक्रोश आंदोलन ', नगर परिषद घेराव का किया ऐलान

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** नगर परिषद क्षेत्र में व्याप्त विभिन्न जनसमस्याओं, बदहाल सफाई व्यवस्था और प्रशासनिक उदासीनता के विरोध में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ब्यावर 29 जुलाई 2026 (बुधवार) को 'जन आक्रोश आंदोलन' के तहत नगर परिषद का घेराव करेगी। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा के नेतृत्व में आयोजित होने वाले इस प्रदर्शन को 'नरक परिषद घेराव' नाम दिया गया है।

आंदोलन की तैयारी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा शहरभर में व्यापक जनजागरण अभियान चलाया जा रहा है। पार्टी कार्यकर्ता घर-घर और बाजारों में जाकर नागरिकों को नगर परिषद की नाकामियों से अवगत करा रहे हैं और आंदोलन में भाग लेने की अपील कर रहे हैं।

**बदहाल सुविधाओं और टैक्स वसूली पर घेरा**

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष एडवोकेट अजय शर्मा ने नगर परिषद पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि शहर में टूटी सड़कें, गड्ढे, कचरे के ढेर, बंद स्ट्रीट लाइटें, जाम नालियाँ और आवारा पशुओं का आतंक चरम पर है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक सुभाष उद्यान के तालाब पर जलकुंभी का कब्जा हो चुका है। इसके अलावा, नागरिकों से ?50 कचरा शुल्क वसूले जाने के बावजूद उन्हें मूलभूत सुविधाएँ नहीं दी जा रही हैं। लंबे समय से आमजन की शिकायतों को अनदेखा किया जा रहा है।

**आमजन से शामिल होने की अपील**

ब्लॉक कांग्रेस के प्रवक्ता वृतंजय आर्य ने स्पष्ट किया कि यह संघर्ष किसी राजनीतिक लाभ के लिए नहीं, बल्कि ब्यावर के प्रत्येक नागरिक के हक और सुविधाओं के लिए है। कांग्रेस कमेटी ने शहर के व्यापारियों, युवाओं, महिलाओं, सामाजिक संगठनों और बुद्धिजीवियों से दलीय राजनीति से ऊपर उठकर 29 जुलाई को प्रातः 10:30 बजे अधिक से अधिक संख्या में नगर परिषद पहुँचने का आह्वान किया है।

**अभियान का मुख्य संदेशः 'नरक परिषद नहीं, जनहित परिषद चाहिए '**

## एक पौधा पेड़ नहीं बल्कि आने वाली पीढ़ियों के उज्ज्वल भविष्य की नींव हैं - शर्मा

### सघन वृक्षारोपण विद्यालयों में लगाए सैकड़ों पौधे

स्मार्ट हलचल

**काछोला** शिक्षा विभाग द्वारा मंगलवार 28 जुलाई को सघन वृक्षारोपण अभियान के तहत प्राथमिक विद्यालय,पीएम श्री सीनियर स्कूल,उप्रावि हरपूरा,जगपुरा,प्रावि खान माताजी का खेड़ा में पीईईओ हीरा लाल शर्मा के सानिध्य में 'एक पेड़ माँ के नाम' और 'हरियालो राजस्थान' जैसे अभियान के अंतर्गत विद्यालयों में बड़े पैमाने पर पौधे लगाए गए और 'एक पेड़ माँ के नाम ' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के संकल्प को आगे बढ़ाया।पीईईओ हीरा लाल शर्मा ने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को हरा-भरा बनाना और जलवायु संतुलन बनाए रखना है और कहा कि एक पौधा केवल पेड़ नहीं बल्कि स्वच्छ हवा,सुरक्षित पर्यावरण और आने वाली पीढ़ियों के लिए उज्ज्वल भविष्य की नींव है।प्राध्यापक जगदीश मंत्री ने सभी विद्यार्थियों को प्रकृति के अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनकी देखभाल का संकल्प दिलाया।इस अवसर पर जगदीश मंत्री,भगवान शंकर शर्मा,मोहम्मद शाबीर रंगरेज,पंकज त्रिवेदी,दुर्गा देवी बलाई,प्रभात सोनी,संजू बलाई,टीना कुमारी तेली,विष्णु गुप्ता सहित आदि ने सघन वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधे लगाकर सुरक्षा का संकल्प लिया।

## गणेशपुरा में मेघवाल समाज श्मशान घाट की बदहाली पर फूटा गुस्सा, SDM को ज्ञापन देकर जल्द समाधान की मांग

स्मार्ट हलचल



**अनिल कुमार ब्यावर।** ग्राम गणेशपुरा (वार्ड संख्या 47) स्थित मेघवाल समाज श्मशान घाट की बदहाली और बदहाल व्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय निवासियों व समाजजनों ने रोष जताया है। क्षेत्रवासियों ने उपखण्ड अधिकारी (SDM), ब्यावर को एक ज्ञापन सौंपकर समस्या के जल्द से जल्द निस्तारण की मांग की है।

**जल निकासी बंद होने से परिसर जलमग्न**

ज्ञापन में बताया गया कि बीते 15-20 दिनों से हो रही बारिश के कारण श्मशान घाट परिसर पूरी तरह जलमग्न, कीचड़युक्त और गंदगी से भर चुका है। पास में नई कॉलोनी विकसित होने के कारण पुराना नाला बंद हो गया है, जिससे बारिश के पानी की निकासी पूरी तरह ठप हो गई है। मुख्य मार्ग पर पानी भरा होने से शव वाहनों और आम लोगों का निकलना तक मुश्किल हो गया है।

**जर्जर हॉल से हादसे का अंदेशा**

समाजजनों ने बताया कि परिसर में बना हॉल बेहद जर्जर व क्षतिग्रस्त स्थिति में है, जिससे किसी बड़े हादसे का खतरा मंडरा रहा है। वर्तमान स्थिति में किसी दिवंगत व्यक्ति का गरिमापूर्ण अंतिम संस्कार करना भी बेहद कठिन हो गया है, जो कि मानवीय संवेदनाओं और धार्मिक आस्था के विपरीत है।

**प्रमुख मांगें:**

जल निकासी के लिए स्थायी नाले का निर्माण।
श्मशान परिसर में भरे पानी व गंदगी की तुरंत सफाई।
मुख्य मार्ग को आवागमन हेतु सही करना।
जर्जर हॉल का पुनर्निर्माण व परिसर का सौंदर्यकरण।

ज्ञापन देने वालों में ये रहे मौजूद ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष चिराग मेघवाल, नरेंद्र कटारिया, अमरा राम, मोहनलाल, नारायणलाल, किशनलाल कटारिया, सुरेश कुमार, कन्हैयालाल, कमलेश, शोमेंश, देबीलाल, ओमप्रकाश तथा पांचूराम कड़ेला सहित कई अन्य समाजजन उपस्थित रहे।

## सुबह 7 बजे खुलना चाहिए स्कूल, 8 :30 बजे तक लटका रहा ताला! अभिभावकों का फूटा गुस्सा

### 'बच्चों की पढ़ाई से हो रहा खिलवाड़', समय पर न पहुंचने का लगाया आरोप, जांच की उठाई मांग

स्मार्ट हलचल



**मोहम्मदी खीरी।** उत्तर प्रदेश सरकार जहां परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और समयबद्ध संचालन पर लगातार जोर दे रही है, वहीं मोहम्मदी नगर के मोहल्ला शंकर छावनी स्थित प्राथमिक विद्यालय को लेकर अभिभावकों ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। आरोप है कि विद्यालय निर्धारित समय पर नहीं खुलता, जिसके कारण छोटे-छोटे बच्चे रोजाना स्कूल के बाहर खड़े होकर इंतजार करने को मजबूर हो जाते हैं। अभिभावकों के अनुसार विद्यालय का निर्धारित समय सुबह 7:00 बजे है, लेकिन कई बार सुबह 8:30 बजे तक भी विद्यालय का ताला नहीं खुलता। इस दौरान बच्चे धूप और उमस में स्कूल के बाहर खड़े रहते हैं, जिससे उनकी पढ़ाई के साथ-साथ उनकी सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ जाती है। अभिभावकों ने आरोप लगाया कि विद्यालय की प्रधानाचार्य नियमित समय पर विद्यालय नहीं पहुंचती हैं। उनका कहना है कि प्रधानाचार्य प्रायः सुबह 10:00 से 10:30 बजे के बीच विद्यालय आती हैं, उपस्थिति दर्ज करने के बाद वापस चली जाती हैं। यदि यह आरोप सही हैं तो इससे विद्यालय की शैक्षणिक व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े होते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि जब शिक्षक ही समय का पालन नहीं करेंगे तो बच्चों में अनुशासन और शिक्षा के प्रति गंभीरता कैसे विकसित होगी। उनका मानना है कि परिषदीय विद्यालयों की छवि सुधारने के सरकारी प्रयास ऐसे मामलों से प्रभावित होते हैं। अभिभावकों ने प्रशासन और शिक्षा विभाग से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि आरोप सही पाए जाएं तो संबंधित जिम्मेदारों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में बच्चों की शिक्षा से किसी प्रकार का खिलवाड़ न हो। अभिभावकों का यह भी दावा है कि इस संबंध में वीडियो भी उपलब्ध है, जिसमें विद्यालय निर्धारित समय के काफी बाद खुलता हुआ दिखाई दे रहा है। अब सभी की निगाहें शिक्षा विभाग की कार्रवाई पर टिकी हैं कि वह मामले की जांच कर वास्तविक स्थिति सामने लाता है या नहीं।

# सस्ते दामो में सोना व चांदी देने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपियों पर बड़ा एक्शन, अवैध मकान पर चला प्रशासन का पीला पंजा...

### रामनगर कंजर कॉलोनी में ठगी प्रकरण में पुलिस प्रशासन एवं ग्राम पंचायत की संयुक्त कार्रवाई, सरकारी भूमि पर बने अवैध निर्माण किए ध्वस्त

स्मार्ट हलचल




**बूंदी-** जिला पुलिस अधीक्षक अवनीश कुमार शर्मा (IPS) के निर्देशन में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे सख्त अभियान के तहत रामनगर कंजर कोलोनी बून्दी में सस्ते दामों में सोना-चांदी देने का झांसा देकर ठगी करने के प्रकरण में आरोपियों के खिलाफ लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत एवं बून्दी पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से बड़ी कार्यवाही करते हुए रामनगर कंजर कॉलोनी में सरकारी भुमि पर अवैध रूप से निर्मित मकान को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त किया गया। रामनगर कंजर कॉलोनी में काफी समय से सस्ते दामों में सोना-चांदी देने का झांसा देकर ठगी की घटना घटित हो रही है, जिससे क्षेत्र में भय एवं असुरक्षा का वातावरण उत्पन्न हो गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक बून्दी श्री अवनीश कुमार शर्मा (IPS) के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बून्दी संजय सिंह चम्पावत एवं अनिल जोशी वृत्ताधिकारी वृत बून्दी के निकटतम पर्यवेक्षण में भंवर सिंह पु.नि. थानाधिकारी थाना सदर के नेतृत्व में त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना में शामिल 02 आरोपी चांदकिरण व नीरज कंजर को गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त कार RJ08 CC 0933 को जब्त कर नकली सोना व चांदी के बिस्किट व आभुषण बरामद किये गये , प्रकरण में मुख्य अभियुक्त दीपक कंजर घटना दिनांक से फरार चल रहा है । प्रकरण अनुसंधान के दौरान फरार चल रहे अभियुक्त दीपक कंजर की चल-अचल संपति का रिकॉर्ड प्राप्त किया गया तो , रिकॉर्ड के अनुसार दीपक कंजर द्वारा ग्राम पंचायत की सरकारी भुमि पर अवैध कब्जा कर रखा है। इस संबंध में पंचायत द्वारा कानूनी कार्यवाही करते हुए जिला प्रशासन से समन्वय स्थापित किया गया। आज जिला प्रशासन, ग्राम पंचायत रामनगर एवं बून्दी पुलिस की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए आरोपी दीपक कंजर के सरकारी भुमि पर बने अवैध मकान पर बुलडोजर चलाकर उन्हें ध्वस्त कर दिया। कार्यवाही के दौरान ग्राम पंचायत रामनगर का अमला, बून्दी पुलिस का पर्याप्त पुलिस बल तथा प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। पूरे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए ताकि कार्यवाही शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हो सके। इस कार्यवाही से अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों को स्पष्ट संदेश गया है कि कानून का उल्लंघन करने वालों तथा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जा करने वालों को प्रशासन द्वारा बक्शा नही जायेगा। जिला पुलिस अधीक्षक श्री अवनीश कुमार शर्मा (IPS) ने कहा कि बून्दी पुलिस अपराधियों के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' की नीति पर कार्य कर रही है। कानून व्यवस्था को चुनौती देने वाले, आमजन में भय का वातावरण पैदा करने वाले तथा अवैध गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध विधिसम्मत एवं कठोर कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी। बून्दी पुलिस आमजन से भी अपील करती है कि यदि किसी क्षेत्र में अवैध गतिविधि, आपराधिक तत्वों की मौजूदगी अथवा सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे की जानकारी हो तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस अथवा संबंधित विभाग को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## सवाईपुर क्षेत्र में मेघा मेहरबान, किसानों के खिले चेहरे

स्मार्ट हलचल



**सवाईपुर ( सांवर वैष्णव )** सवाईपुर कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार दोपहर को मेघा आखिर मेहरबान हो ही गये, तेज बारिश से किसानों के चेहरे खिल उठे । सवाईपुर कस्बे सहित बड़ला, बनकाखेड़ा, चावंडिया, ढ़ेलाणा, ड़साणिया का खेड़ा आदि कई गांवों में मंगलवार को मौसम का मिजाज बदला और दोपहर ढ़ाई बजे बारिश का दौर शुरू हुआ, क्षेत्र में आधा घंटे तक तेज बारिश का दौर चला । तेज बारिश से गांव की गलियों व सड़कों पर पानी सरपट दौड़ने लगा, जिसमें बच्चों ने बारिश का खुब मजा लिया, पानी में एक-दुसरे से अठखेलियां करने लगे । क्षेत्र में बीते 24 घंटे में 16 एमएम बारिश दर्ज की गई । क्षेत्र में सोमवार रात्रि को भी रिमझिम बारिश हुई । इस बारिश से क्षेत्र के किसानों के चेहरे खिले गए, क्योंकि क्षेत्र में 20 दिनों बाद तेज बारिश देखने को मिली ।।

# मोक्ष ही साधक का सर्वोच्च लक्ष्य, स्वर्ग की कामना भी सीमित करती है पुण्य : मुनिश्री

## लौकिक सुख क्षणभंगुर, निर्वाण का आनंद अनंत : गणधर मुनि विवर्धनसागर

स्मार्ट हलचल

**कोटा।** रिद्धि-सिद्धि नगर, कुन्हाड़ी स्थित अतिशयकारी श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में 'विराग वर्धन वर्षायोग-2026' के अंतर्गत समाधिस्थ गणाचार्य श्री 108 विरागसागर जी महाराज के सुशिष्य एवं पट्टाचार्य श्री 108 विशुद्धसागर जी महाराज के आज्ञानुवर्ती गणधर मुनि श्री 108 विवर्धनसागर जी महाराज ससंघ (6 पिच्छी) का चातुर्मासिक मंगल प्रवेश श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक उल्लास के वातावरण में जारी है। आयोजन अतिशयकारी श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर समिति एवं सकल दिगम्बर जैन समाज समिति, रिद्धि-सिद्धि नगर, कुन्हाड़ी के संयुक्त तत्वावधान में हो रहा है। गणधर मुनि श्री 108 विवर्धनसागर जी महाराज ने




धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहा कि जिन निर्मल भावों से आत्मा भगवान बन सकती है और समस्त दोषों का नाश कर सकती है, उन्हीं पवित्र भावों से स्वर्ग की प्राप्ति भी सहज हो जाती है। इसलिए साधक का लक्ष्य कभी सांसारिक या स्वर्गीय सुख नहीं, बल्कि मोक्ष और भगवत पद होना चाहिए। उन्होंने कहा कि लौकिक सुख सीमित एवं क्षणभंगुर हैं, जबकि निर्वाण का सुख अनंत और शाश्वत है। मनुष्य अपनी भावनाओं और संकल्पों के अनुसार अपने जीवन की दिशा निर्धारित करता है। भगवान बनना है या साधारण जीवन में ही सीमित रह जाना है, यह व्यक्ति के भावों पर निर्भर करता है। यदि मनुष्य छोटी-छोटी कामनाओं में अपने पुण्य का उपयोग कर लेता है, तो उसे मिलने वाला महान फल भी सीमित होकर रह जाता है। मुनिश्री ने कहा कि सभी पुण्य कार्य भगवान पद की प्राप्ति के उद्देश्य से किए जाने चाहिए। यदि साधक स्वर्ग, पद, प्रतिष्ठा अथवा अन्य सांसारिक उपलब्धियों की कामना करेगा, तो उसका पुण्य उसी सीमा तक फलित होगा और वह भगवत पद से वंचित रह जाएगा। इसलिए साधक को सर्वोच्च लक्ष्य आत्मकल्याण एवं मोक्ष को ही अपने जीवन का ध्येय बनाना चाहिए। मंदिर समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र गोधा एवं मंत्री पंकज खटोड़ ने बताया कि बुधवार को प्रातः 8 बजे श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर में गुरु पूर्णिमा महोत्सव श्रद्धापूर्वक मनाया जाएगा। वहीं 30 जुलाई को वीर शासन दिवस तथा 31 जुलाई को प्रातः 'विराग वर्धन चातुर्मास' के कलश स्थापना समारोह का आयोजन होगा। इस अवसर पर सकल दिगम्बर जैन समाज समिति के अध्यक्ष प्रकाश बज, महामंत्री पदम बड़ला, सुरेश देईवाले, चंद्रप्रकाश बंसल, विनोद सरसोप, मोनू बाकलीवाल, नितेश खटोड़, सुरेन्द्र पहाड़िया, पारस गोधा, अशोक पांडिया, पारस आदित्य सहित समाज के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

---

बच्चें के साथ टांके में कूदी महिला,तीनों की मौत

## 2 महीने पहले हुआ था बेटे का जन्म, 4 साल पहले हुई थी शादी

**बालोतरा** दो महीने और ढाई साल के मासूम बच्चों के साथ टांके में कूदकर महिला ने सुसाइड कर लिया। घटना बालोतरा जिले के पचपदरा थाना क्षेत्र के दुदवा गांव की है। पुलिस ने तीनों के शवों को बाहर निकालकर जिला अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। मृतकों की पहचान मुली देवी (25) पत्नी हनुमान प्रजापत, रविंद्र (2) और नारायण (2 महीना) निवासी दुदवा के रूप में हुई है।

### सुबह 3 बजे घर से निकली थी

पचपदरा थाने के सब इंस्पेक्टर अमराराम ने बताया- 28 जुलाई की अलसुबह 3 बजे महिला अपने दो बच्चों के साथ घर के पास स्थित टांके में कूद गई। सुबह 5 बजे परिजन पर जब जागे तो महिला और बच्चे कहीं दिखाई नहीं दिए। टांके के पास चप्पल दिखाई देने पर उन्हें घटना का पता चला। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने तैराकों की मदद से तीनों के शवों को टांके से बाहर निकाला और बालोतरा के राजकीय नाहटा अस्पताल की मॉर्च्युरी में रखवा दिया।

### चार साल पहले हुई थी शादी

**पुलिस ने बताया-** मुली देवी की शादी चार साल पहले हनुमानाराम प्रजापत के साथ हुई थी। परिवार मजदूरी कर अपना जीवन-यापन करता है। दंपती के दो बच्चे थे, जिनमें बड़ा बेटा रविंद्र दो वर्ष का और छोटा बेटा नारायण दो माह का था।

### पीहर पक्ष के आने के बाद होगी आगे की कार्रवाई

पुलिस ने बताया कि घटना की सूचना मृतका के पीहर पक्ष को दे दी गई है। उनके आने के बाद बयान और रिपोर्ट के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

---

# ब्यावर के मुख्य बाजार में चोरी की वारदातों से व्यापारियों में रोष, व्यापार संघ ने पुलिस प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

## बंद सीसीटीवी कैमरों को चालू करने और रात्रिकालीन गश्त बढ़ाने की उठाई मांग

स्मार्ट हलचल

**अनिल कुमार ब्यावर।** शहर के मुख्य बाजार एवं आसपास के व्यापारिक क्षेत्रों में पिछले कुछ समय से लगातार हो रही चोरी की घटनाओं को लेकर व्यापारियों में गहरा आक्रोश और असुरक्षा का माहौल व्याप्त है। लगातार हो रही वारदातों से आहत ब्यावर जिला व्यापार संघ के प्रतिनिधियों ने पुलिस प्रशासन को एक ज्ञापन सौंपकर चोरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की है। व्यापार संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि मुख्य बाजार में आए दिन हो रही चोरी की घटनाओं से न केवल व्यापारियों को आर्थिक नुकसान



उठाना पड़ रहा है, बल्कि उनका व्यापार भी बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही वारदातों पर अंकुश नहीं लगाया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

**व्यापारियों की प्रमुख मांगें:**

गश्त में बढ़ोतरी: मुख्य बाजार और संवेदनशील इलाकों में नियमित तथा प्रभावी पुलिस गश्त बढ़ाई जाए।

सीसीटीवी कैमरों की मरम्मत: बाजार में लंबे समय से बंद पड़े सीसीटीवी कैमरों को तुरंत दुरुस्त करवाकर चालू किया जाए।

नए कैमरों की स्थापना: जिन स्थानों पर कैमरे नहीं हैं या संख्या कम है, वहां नए और उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

रात्रि सुरक्षा: संदिग्ध गतिविधियों में लिप्त व्यक्तियों पर नजर रखी जाए और रात्रिकालीन सुरक्षा घेरा मजबूत किया जाए।

कठोर कार्रवाई: चोरी की घटनाओं में शामिल गिरोह का पर्दाफाश कर दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए।

'लगातार हो रही वारदातों से व्यापारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। प्रशासन को तुरंत कड़े कदम उठाकर व्यापारियों में सुरक्षा और विश्वास का माहौल कायम करना चाहिए।'
– प्रतिनिधि, ब्यावर जिला व्यापार संघ

प्रशासन की ओर से अधिकारियों ने व्यापारियों को आश्वस्त किया है कि चोरी की घटनाओं का जल्द खुलासा किया जाएगा और बाजार में सुरक्षा व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

---

# फॉलो-अप जनसुनवाई शिविर में अधिकारियों ने किया निरीक्षण, मौके पर ही समस्याओं का किया निस्तारण

स्मार्ट हलचल

**गंगापुर** - राज्य सरकार की मंशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से नगर पालिका गंगापुर में संचालित फॉलो-अप जनसुनवाई शिविर का आज विवेक गुर्जर, उपखण्ड अधिकारी द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी ने शिविर की व्यवस्थाओं का अवलोकन करते हुए विभिन्न शाखाओं में जाकर कार्यों का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों को लंबित प्रकरणों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने आमजन को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें, इसके लिए सभी अधिकारियों को पूर्ण जिम्मेदारी एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी द्वारा जनसुनवाई में उपस्थित नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना गया। प्राप्त परिवेदनाओं में से अनेक प्रकरणों का संबंधित अधिकारियों के माध्यम से मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष प्रकरणों के शीघ्र समाधान हेतु संबंधित शाखाओं को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने नगर पालिका की विभिन्न शाखाओं का भ्रमण कर अभिलेखों, लंबित प्रकरणों एवं कार्यालयीन व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने सभी शाखा प्रभारियों एवं कर्मचारियों को अपने-अपने दायित्वों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं




गुणवत्तापूर्ण निर्वहन करने, लंबित कार्यों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने तथा आमजन को बेहतर नागरिक सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए पाबंद किया । शिविर में नागरिकों द्वारा विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याएं एवं सुझाव प्रस्तुत किए गए, जिन पर संबंधित अधिकारियों द्वारा आवश्यक कार्यवाही प्रारंभ करते हुए प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण की प्रक्रिया सुनिश्चित की गई । नगर पालिका प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि वे राज्य सरकार द्वारा संचालित जनसुनवाई एवं फॉलो-अप शिविरों का अधिकाधिक लाभ उठाएं तथा अपनी समस्याओं के समाधान हेतु निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार आवेदन प्रस्तुत करें।

---

# रेलवे लाइन का तार चुराते करंट से हुई मौत

### पुलिस को झूठी कहानी सुनाई; मेवात गैंग का आरोपी गिरफ्तार; 5 बदमाश फरार

**जोधपुर** जोधपुर ग्रामीण में 7 दिन पहले रेलवे लाइन के तार चुराते करंट लगने से एक बदमाश की मौत हो गई थी। हालांकि गैंग के बाकी बदमाशों ने बिलाड़ा थाना पुलिस को झूठी कहानी बताते हुए शौच जाते हुए करंट लगने से अपने साथी की मौत की जानकारी दी थी। बदमाशों ने मौत को छिपाने के लिए पुलिस के सामने झूठी कहानी रच दी थी। अब पुलिस ने तकनीकी अनुसंधान करते हुए गैंग की इस चाल की पोल खोल दी। पुलिस ने एक बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। गैंग के बाकी बदमाशों की तलाश की जा रही है। जोधपुर ग्रामीण के पुलिस अधीक्षक पंकज यादव ने बताया- 21 जुलाई को हरियाणा निवासी मुसकिन मेव ने रिपोर्ट दी थी कि उसके भाई शकील की भावी बिलाड़ा के पास शौच जाते समय करंट लगने से मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जब सीसीटीवी फुटेज और संदिग्धों की मोबाइल सीडीआर खंगाली तो चौंकाने वाला सच सामने आया।

---

# सुरक्षित वैश्विक व्यापार के लिए नियम-आधारित व्यवस्था जरूरी : भारत

स्मार्ट हलचल

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून आयोग (यूएनसीआईटीआरएएल) की 60वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर राजधानी नई दिल्ली में आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफलतापूर्वक समापन हो गया है। इस उच्च स्तरीय सम्मेलन का आयोजन भारतीय विदेश मंत्रालय ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय और यूएनसीआईटीआरएएल के साथ संयुक्त रूप से मिलकर किया। कार्यक्रम के समापन सत्र को विदेश मंत्रालय में सचिव (आर्थिक संबंध) सुधाकर दलेला ने मुख्य रूप से संबोधित किया। सचिव दलेला ने अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून के



क्रमिक विकास और आधुनिकीकरण में भारत के दीर्घकालिक योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने वैश्विक व्यापार और वाणिज्य व्यवस्था को संचालित करने वाले कानूनी ढांचे को अधिक सुदृढ़, नियमों पर आधारित और न्यायसंगत बनाने के प्रति भारत की मजबूत प्रतिबद्धता को दोहराया। दलेला ने कहा कि यूएनसीआईटीआरएएल के साथ भारत का दशकों पुराना सहयोग इस बात का प्रमाण है कि भारत हमेशा से एक पारदर्शी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनुकूल कानूनी वातावरण तैयार करने का पक्षधर रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने 26 जुलाई की देर शाम सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा यूएनसीआईटीआरएएल की 60वीं वर्षगांठ के मौके पर, विदेश मंत्रालय ने भारत के सुप्रीम कोर्ट और यूनाइटेड नेशंस कमीशन ऑन इंटरनेशनल ट्रेड लॉ के साथ मिलकर एक इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस आयोजित की। इस कॉन्फ्रेंस के समापन सत्र में सेक्रेटरी (इकोनॉमिक रिलेशंस) सुधाकर दलेला शामिल हुए। यह मौका इंटरनेशनल ट्रेड लॉ के विकास में यूएनसीआईटीआरएएल के साथ भारत के योगदान और सहयोग पर विचार करने के लिए बहुत उपयुक्त रहा। तीन दिनों तक चले इस महत्वपूर्ण सम्मेलन में दुनिया भर से आए प्रख्यात न्यायविदों, कानूनी विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और हितधारकों ने हिस्सा लिया। इस मंच पर भू-राजनीतिक अस्थिरता, आपूर्ति श्रृंखला (सप्लाई चेन) में व्यवधान और तेजी से होते डिजिटल बदलावों के बीच अंतरराष्ट्रीय व्यापार नियमों में एकरूपता और स्थिरता लाने पर गंभीर मंथन किया गया। सम्मेलन के विभिन्न सत्रों में डिजिटल अर्थव्यवस्था, सीमा-पार दिवाला प्रक्रिया (इन्सॉल्वेंसी), अंतरराष्ट्रीय वाणिज्यिक मध्यस्थता (आर्बिट्रेशन) और मध्यस्थता तंत्र में सुधार जैसे ज्वलंत विषयों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। इससे पहले सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने वैश्विक व्यापार को सुरक्षित रखने के लिए एक नियम-आधारित कानूनी संरचना की आवश्यकता पर बल दिया था, जिसे समापन सत्र में सचिव दलेला के वक्तव्य से और मजबूती मिली। इस सफल आयोजन ने न केवल अंतरराष्ट्रीय विवाद समाधान के क्षेत्र में भारत की बढ़ती भूमिका को प्रदर्शित किया है, बल्कि विकासशील देशों (ग्लोबल साउथ) की विकासात्मक प्राथमिकताओं के अनुसार भविष्य के व्यापार कानूनों को अधिक समावेशी बनाने का संदेश भी दिया है।

---

राज्यपाल अर्लेकर से मिले राकेश मीणा, ऊटी के जनजातीय मुद्दों पर चर्चा

# शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य और मूलभूत सुविधाओं को लेकर हुई सार्थक बातचीत; राज्यपाल ने शॉल ओढ़ाकर किया सम्मान

स्मार्ट हलचल

**चेन्नई।** तमिलनाडु के राजभवन में वरिष्ठ पत्रकार एवं राष्ट्रीय आदिवासी एकता मंच के राष्ट्रीय महासचिव राकेश मीणा ने तमिलनाडु के माननीय राज्यपाल श्री राजेंद्र कुमार अर्लेकर से शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान राकेश मीणा ने राज्यपाल को पुष्पगुच्छ भेंट किया। मुलाकात के दौरान विशेष रूप से ऊटी एवं नीलगिरी क्षेत्र के जनजातीय समाज की विभिन्न समस्याओं और उनके समाधान को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। राकेश मीणा ने राज्यपाल के समक्ष जनजातीय समुदायों से जुड़े शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, सामाजिक कल्याण, आजीविका और मूलभूत सुविधाओं के विषय प्रमुखता से रखे। उन्होंने कहा कि ऊटी और नीलगिरी क्षेत्र में रहने वाले जनजातीय परिवारों के विकास के लिए उनकी स्थानीय



परिस्थितियों और जमीनी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रभावी योजनाएं बनाई जानी चाहिए। साथ ही सरकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

**शिक्षा और युवाओं के विकास पर जोर**

बैठक में जनजातीय समाज के बच्चों की शिक्षा और युवाओं के भविष्य को लेकर भी महत्वपूर्ण चर्चा हुई। राकेश मीणा ने कहा कि जनजातीय समाज के सर्वांगीण विकास की सबसे मजबूत नींव शिक्षा है। जनजातीय बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा और कौशल विकास के अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि जनजातीय युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार के बेहतर अवसर मिलने से समाज आर्थिक रूप से मजबूत होगा। इसके लिए सरकार, प्रशासन और सामाजिक संगठनों को मिलकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करना चाहिए। उन्होंने जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं को और मजबूत करने तथा लोगों को आवश्यक मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

**ऊटी के जनजातीय समाज की समस्याएं राज्यपाल के समक्ष रखीं**

राकेश मीणा ने ऊटी एवं नीलगिरी क्षेत्र के जनजातीय समाज की विभिन्न जमीनी समस्याओं को राज्यपाल के समक्ष रखते हुए कहा कि जनजातीय समुदायों के विकास के लिए केवल योजनाएं बनाना पर्याप्त नहीं है। योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और उनका वास्तविक लाभ जरूरतमंद परिवारों तक पहुंचना भी जरूरी है। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज की पहचान, संस्कृति और परंपराओं का सम्मान करते हुए उन्हें शिक्षा, रोजगार और विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए विशेष प्रयास किए जाने चाहिए। जनजातीय समाज के बच्चों और युवाओं को उचित मार्गदर्शन एवं अवसर उपलब्ध कराकर उन्हें आगे बढ़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

**राज्यपाल ने शॉल ओढ़ाकर किया सम्मान**

मुलाकात के दौरान राज्यपाल श्री राजेंद्र कुमार अर्लेकर ने वरिष्ठ पत्रकार राकेश मीणा को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। राज्यपाल द्वारा किए गए इस सम्मान को राकेश मीणा ने अपने लिए गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय क्षण बताया। राकेश मीणा ने कहा कि राज्यपाल द्वारा दिया गया सम्मान उनके लिए केवल व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि जनजातीय समाज और सामाजिक सरोकारों के लिए किए जा रहे कार्यों के प्रति नई ऊर्जा और जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने माननीय राज्यपाल के बहुमूल्य समय, आत्मीय व्यवहार, मार्गदर्शन और सम्मान के लिए हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि राजभवन में हुई मुलाकात के दौरान ऊटी और नीलगिरी क्षेत्र के जनजातीय समाज की समस्याओं को उचित मंच तक पहुंचाने का अवसर मिला। राज्यपाल ने जनजातीय समाज से जुड़े विषयों को गंभीरता से सुना। राकेश मीणा ने कहा कि यह मुलाकात उन्हें समाजहित में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करेगी। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज की शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सामाजिक सुरक्षा और समग्र विकास से जुड़े मुद्दों को आगे भी प्रमुखता से उठाया जाता रहेगा। जनजातीय समुदायों के विकास के लिए सरकार, प्रशासन और सामाजिक संगठनों के सामूहिक प्रयास जरूरी हैं। इसी दिशा में निरंतर संवाद और सकारात्मक पहल के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाई जा सकती है। राजभवन में हुई इस मुलाकात को जनजातीय समाज के हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से सामने रखने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। राकेश मीणा ने कहा कि राज्यपाल से प्राप्त मार्गदर्शन और सम्मान उन्हें जनजातीय समाज, सामाजिक सरोकारों और राष्ट्रहित में और अधिक समर्पण के साथ कार्य करने की प्रेरणा देता रहेगा।

शिलान्यास एवं उद्घाटन | उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने मारवाड़ में विकास कार्यों का किया शिलान्यास एवं उद्घाटन

# दिया कुमारी ने विभागीय अधिकारियों की बैठक में शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करने के दिए निर्देश



जयपुर(नि.सं.)। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने पाली जिले के मारवाड़ जंक्शन दौरे पर रहीं। जहां उन्होंने स्टेट हाईवे 61 स्काई ओवर ब्रिज का व करोड़ो रुपये के विकास कार्यों का शिलान्यास व लोकार्पण किया। साथ ही मारवाड़ जंक्शन उपखंड मुख्यालय स्थित झाझरियां हनुमान मंदिर परिसर में विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। सिरियारी और सवराड़ गांव की नदियों पर बने पुलों तथा रानी-भिवाड़िया सड़क मार्ग के नवीनीकरण कार्य का भी लोकार्पण किया। उप मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर संबोधित करते हुये कहा कि सरकार में समयबद्ध रूप से योजना बनाकर कम समय में तेज व आधुनिक तरीके से काम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले ढाई वर्षों में सरकार ने गुणवत्तापूर्ण विकास कार्यों को धरातल पर उतारकर जनता के विश्वास पर खरा उतरने का प्रयास किया है। आधुनिक तकनीक के माध्यम से सड़क, पुल और अन्य आधारभूत संरचना से जुड़े कार्य गुणवत्ता के साथ पूरे किए जा रहे हैं तथा सरकार विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक पहुंच रहा है और आगे भी मिलता रहेगा। उपमुख्यमंत्री ने लोगों से



सरकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उनका अधिकाधिक लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने मंदिर में भगवान के दर्शन कर देश प्रदेश खुशहाली की कामना की। कार्यक्रम में मारवाड़ जंक्शन विधायक केसाराम चौधरी ने विधानसभा क्षेत्र में हुए विकास कार्यों की जानकारी दी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी इसके बाद सोजत नगर पालिका पहुचीं। उन्होंने वहां शहरी सेवा शिविर का निरीक्षण कर लाभार्थियो को पट्टा वितरण किया। इस अवसर पर उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।



104 एम्बुलेंस सेवा की रेण्डम जांच कर लें फीडबैक

# गर्भवती महिलाओं के बेहतर पोषण और समय पर काउंसलिंग पर दें विशेष ध्यान

जयपुर(नि.सं.)। प्रमुख शासन सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य गायत्री राठौड़ ने निर्देश दिए हैं कि गर्भवती महिलाओं के बेहतर पोषण, नियमित काउंसलिंग और समय पर उपचार से हाई रिस्क प्रेग्नेंसी के मामलों को कम किया जाए। उन्होंने कहा कि चिकित्साधिकारी, एएनएम एवं सीएचओ उच्च जोखिम वाली गर्भवतियों की सतत निगरानी कर समय पर रेफरल एवं उपचार सुनिश्चित करें, ताकि गंभीर स्थिति और आईसीयू तक पहुंचने की नौबत कम हो। स्वास्थ्य भवन में आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि अगले एक माह में संभावित प्रसव वाली हाई रिस्क गर्भवतियों की जांच और आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श पहले से ही सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने 104 एम्बुलेंस सेवा की गुणवत्ता की रेण्डम जांच कर वाहन चालक एवं संबंधित अधिकारियों से फीडबैक लेने तथा कमियों का तत्काल निराकरण करने के निर्देश भी दिए। राठौड़ ने निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में परिवार नियोजन साधनों की स्वीकार्यता कम है, वहां ब्लॉक स्तर पर चिकित्साधिकारी, एएनएम, सीएचओ एवं आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने कहा कि खैरथल में 9 बच्चों की मां द्वारा चिकित्सकीय सलाह के बावजूद प्रसव संबंधी आवश्यक उपचार से इंकार करने जैसी घटनाएं चिंता का विषय हैं। ऐसे मामलों में परिवारजनों को परिवार नियोजन के महत्व के साथ प्रसव के दौरान संभावित गंभीर जोखिमों के प्रति समय रहते जागरूक किया जाए।

## न्यूज़ इन बॉक्स



### जयपुर में बॉलीवुड एक्ट्रेस इशिता राज- ईशा शाह करेंगी रैंपवॉक

**कोट्योर शो में 22 डिजाइनर्स और 8 सेलेब्रिटी होंगे शामिल, 7 अगस्त से होगा आयोजन**

जयपुर (नि.सं.)। जयपुर एक बार फिर फैशन, ग्लैमर और बॉलीवुड की चमक-दमक से सराबोर होने जा रही है। जयपुर कोट्योर शो सीजन-14 का आयोजन 7 से 9 अगस्त तक मानसरोवर स्थित अनंत महल रिसॉर्ट में किया जाएगा। 4 दिवसीय इस फैशन फेस्टिवल में देशभर के नामी फैशन डिजाइनर्स अपने नए कलेक्शन प्रस्तुत करेंगे, जबकि बॉलीवुड की चर्चित एक्ट्रेस रैंप पर शो-स्टॉपर बनकर आयोजन की शोभा बढ़ाएंगी। स्वेज फार्म स्थित क्लब टेडी में सेकंड लुक लॉन्च इवेंट में तीन डिजाइनर्स के कलेक्शन को प्रस्तुत किया गया। इस दौरान शो के फाउंडर-डायरेक्टर गौरव गौड़ ने बताया कि इस वर्ष बॉलीवुड अभिनेत्री इशिता राज और वेब सीरीज अभिनेत्री ईशा शाह शो-स्टॉपर के रूप में जयपुर के रैंप पर नजर आएंगी। दोनों अभिनेत्रियां अलग-अलग डिजाइनर्स के लिए विशेष कलेक्शन प्रस्तुत करेंगी और अपने ग्लैमरस अंदाज से दर्शकों का आकर्षण बनेंगी।




### बत्रा को रोटरी-मीन्स बिजनेस फेलोशिप के इंटरनेशनल चेयर की कमान

**मुम्बई में हुए समारोह में 20 से अधिक चैप्टर्स के प्रतिनिधि शामिल, वैश्विक नेटवर्किंग और संगठनात्मक एकता पर दिया जोर**

जयपुर(नि.सं.)। रोटरी मीन्स बिजनेस फेलोशिप (आरएमबीएफ) के नए इंटरनेशनल चेयर के रूप में जयपुर के अरविंद कुमार बत्रा ने मुंबई के प्रतिष्ठित ताज सांताक्रूज होटल में आयोजित समारोह में औपचारिक रूप से अपना दायित्व संभाला। आरएमबी थाने सिटी चैप्टर की मेजबानी में आयोजित इस समारोह में देश-विदेश से आए करीब 200 रोटेरियन्स, उद्यमियों और व्यवसायिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में 20 से अधिक आरएमबीएफ चैप्टर्स के प्रतिनिधि मौजूद रहे और नए नेतृत्व का स्वागत किया। समारोह का शुभारंभ आरएमबी थाने सिटी की चेयरपर्सन आशा नारंग के स्वागत उद्बोधन और कॉल टू ऑर्डर के साथ हुआ।



राजस्थान नदी बेसिन प्राधिकरण की बैठक आयोजित

# एकीकृत जल प्रबंधन से राजस्थान में जल सुरक्षा और कृषि समृद्धि को मिलेगी नई दिशा

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान में जल संसाधनों के दीर्घकालिक, टिकाऊ एवं अनुकूलतम उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से सचिवालय में सोमवार को मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास की अध्यक्षता में राजस्थान नदी बेसिन एंड वाटर रिसोर्सेज प्लानिंग अथॉरिटी की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में मुख्य सचिव ने प्रदेश में जल सुरक्षा, पेयजल आपूर्ति तथा सिंचाई क्षमता के विस्तार हेतु सभी 11 संबंधित विभागों को अंतर-विभागीय समन्वय के साथ मिशन मोड में कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक का मुख्य एजेंडा प्रदेश के प्रत्येक नदी बेसिन में जल की उपलब्धता, वर्तमान परियोजनाओं एवं उनमें आ रही चुनौतियों की समीक्षा तथा 'विकसित राजस्थान@2047' के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों के तालमेल से एकीकृत जल संसाधन प्रबंधन के अनुरूप योजना बनाना और जल क्षेत्रों को प्रदूषण से बचाना रहा।

मुख्य सचिव ने जल संसाधन सहित प्राधिकरण से सम्बंधित सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि राज्य में वर्तमान में उपलब्ध सीमित जल के समुचित एवं अधिकतम उपयोग को ध्यान में रखते हुए सभी विभागों के तालमेल से प्रत्येक बेसिन की समग्र परियोजना तैयार की जाए। परियोजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन, जल वितरण एवं कमान क्षेत्र के सुव्यवस्थित प्रबंधन हेतु कमान क्षेत्र विकास गठित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य में चल रही जल संसाधन परियोजनाओं, नहरी तंत्रों एवं अधूरे पड़े कार्यों को निर्धारित समयावधि में प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए ताकि आमजन को उनका त्वरित लाभ मिल सके। वी. श्रीनिवास ने कृषि में जल की हर बूंद के विवेकपूर्ण उपयोग हेतु नहरी दक्षता बढ़ाने तथा ड्रिप, स्प्रिंकलर एवं सोलर आधारित पाइपलाइन योजनाओं को व्यापक स्तर पर अपनाने पर बल दिया।

उदयपुर, जयपुर एवं बीकानेर के अधिकारियों को वीसी में दिए निर्देश

# शॉर्टफॉल स्वीकार्य नहीं : आबकारी आयुक्त




जयपुर(नि.सं.)। आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप विभागीय लक्ष्य की प्राप्ति के सजग व संवेदनशील होकर कार्य करने की आवश्यकता है। जुलाई माह के राजस्व, बकाया वसूली, निरोधात्मक कार्रवाई, लिफ्टिंग सहित समस्त लक्ष्य शत-प्रतिशत प्राप्त किए जाने है इस संबंध में किसी भी प्रकार का शॉर्टफॉल स्वीकार्य नही होगा। आबकारी आयुक्त उदयपुर जिले से विडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा उदयपुर, जयपुर एवं बीकानेर जोन के अधीनस्थ समस्त जिलों के अधिकारियों की विभागीय समीक्षा बैठक को वीसी के माध्यम से संबोधित कर रहे थे।

**राजस्व लक्ष्य एवं बकाया वसूली पर फोकस करें**

आबकारी आयुक्त नमित मेहता ने कहा कि विभागीय लक्ष्य पूर्ति के प्रति उदासीन रहने पर संबंधित अधिकारी व कार्मिक की जिम्मेदारी तय करते हुए नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। वीसी में सर्वप्रथम उदयपुर जोन की समीक्षा करते हुए उदयपुर, बांसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, डूंगरपुर, राजसमंद एवं प्रतापगढ़ जिले को राजस्व के शॉर्टफॉल को आगामी 4 दिवस में कार्य योजना तैयार कर पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया।




### अजमेर में अब मोबाइल से चलेगा आपका घर

**टाटा पावर ने लॉन्च किया स्मार्ट होम सिस्टम, फोन से कंट्रोल होंगे AC**

अजमेर (वि.सं.)। अगर आप हर महीने बढ़ते बिजली बिल से परेशान हैं तो यह खबर आपके काम की है। टाटा पावर ने अजमेर में अपना ईज़ी होम ऑटोमेशन (Ez Home Automation) सिस्टम लॉन्च किया है। कंपनी का दावा है कि इस स्मार्ट तकनीक की मदद से घर की बिजली खपत करीब 20त्न तक कम हो सकती है। इससे एक सामान्य परिवार हर साल 1,300 यूनिट से ज्यादा बिजली और करीब रु.10 हजार तक के बिजली बिल की बचत कर सकता है। इस सिस्टम की खास बात यह है कि घर के लाइट, पंखे, एसी, गीजर और अन्य इलेक्ट्रिक उपकरणों को मोबाइल ऐप से कहीं से भी ऑन-ऑफ किया जा सकेगा। इतना ही नहीं, Ale&a और Google Assistant के जरिए केवल आवाज देकर भी इन्हें कंट्रोल किया जा सकेगा।

वासुदेव मालावत ने किया 181 हैल्पलाइन कॉल सेंटर का निरीक्षण

# परिवादियों से सीधे संवाद कर परखी शिकायत निस्तारण की गुणवत्ता

जयपुर(नि.सं.)। आईसीडीएस (समेकित बाल विकास सेवाएं) निदेशक वासुदेव मालावत ने कहा कि राजस्थान संपर्क (181) पोर्टल पर विभाग की शिकायतों के निस्तारण में 73.54 प्रतिशत नागरिक संतुष्टि प्राप्त होना प्रभावी एवं जन-केंद्रित शिकायत निवारण व्यवस्था का सकारात्मक परिणाम है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध, संवेदनशील एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करें, जिससे नागरिकों का विश्वास और मजबूत हो। मालावत ने शासन सचिवालय स्थित राजस्थान संपर्क 181 कंट्रोल रूम का दौरा कर विभाग से संबंधित शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा की तथा अधिकारियों को आवश्यक दिशा- निर्देश दिये। उन्होंने लम्बित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण तथा शिकायतों के प्रभावी समाधान पर विशेष जोर दिया। समीक्षा के दौरान श्री मालावत ने परिवादियों से दूरभाष पर सीधे संवाद कर उनकी शिकायतों के निस्तारण की वास्तविक स्थिति जानी। उन्होंने शिकायतों के समाधान, प्राप्त राहत एवं विभागीय कार्रवाई के प्रति शिकायतकर्ताओं की संतुष्टि का फीडबैक लिया। जिन मामलों में अतिरिक्त कार्रवाई की आवश्यकता सामने आई, उनमें संबंधित अधिकारियों



को तत्काल आवश्यक निर्देश दिए। जोधपुर के सौरव से बात करने पर परिवादी ने बताया कि प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना में आवेदन करने के बाद भी उन्हें अब तक भुगतान नहीं हुआ है। इसी प्रकार भीलवाड़ा के फूलसिंह तथा भीलवाड़ा के राहुल ने अपने क्षेत्र में आंगनबाड़ी की जर्जर स्थिति के बारे में शिकायत की। अलवर की प्रियंका ने आंगनबाड़ी केन्द्र पर पोषाहार नहीं मिलने के बारे में बताया। निदेशक श्री मालावत ने सभी परिवादियों की शिकायतों को संवेदनशीलता के साथ सुना और त्वरित कार्रवाई के लिए आश्वस्त किया।



### उदयपुर और सलूंबर में नए क्रेंदीय विद्यालय खोलने की मांग

**सांसद डॉ. मन्ना लाल रावत ने लोकसभा में उठाया मुद्दा, बोले- दो स्कूल कम पड़ते हैं**

उदयपुर(वि.सं.)। उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने लोकसभा में उदयपुर व सलूंबर में नए केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग उठाई है। लोकसभा में उदयपुर जिले में बढ़ी जनसंख्या और सलूंबर के नए जिले के गठन के आधार पर अलग से केंद्रीय विद्यालय खोलने की मांग की है।

सांसद डॉ. रावत ने उदयपुर तथा सलूम्बर जिले में जिला एवं उपखंड मुख्यालयों पर नवीन केंद्रीय विद्यालय स्थापित करने की मांग नियम 377 के अधीन उठाई।

**पात्र स्टूडेंट्स को नहीं मिलता एडमिशन**

उन्होंने कहा कि उनके लोकसभा क्षेत्र उदयपुर के अंतर्गत जिला उदयपुर में वर्तमान में केवल दो केन्द्रीय विद्यालय संचालित हैं।

सरकारी हॉस्पिटल को जारी किए आदेश

# प्रसूताओं को अब बिना रिप्लेसमेंट मिलेगा ब्लड

जयपुर। राजस्थान में प्रसूताओं की लगातार बिगड़ रही तबीयत और कुछ मामलों में हुई मौतों को देखते हुए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब सरकारी अस्पतालों में गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं को बिना रिप्लेसमेंट के ब्लड उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही ब्लड के अन्य कॉम्पोनेंट भी ब्लड बैंक से फ्री और बिना रिप्लेसमेंट के उपलब्ध करवाए जाएंगे।

**ब्लड और कॉम्पोनेंट के लिए नहीं देना होगा रिप्लेसमेंट**

मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की ओर से जारी आदेश के अनुसार,




सरकारी अस्पतालों में भर्ती गर्भवती महिलाओं और प्रसूताओं को जरूरत पड़ने पर ब्लड बैंक से बिना किसी रिप्लेसमेंट के रक्त उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा प्लेटलेट्स समेत ब्लड के अन्य कॉम्पोनेंट भी निःशुल्क दिए जाएंगे।

**ब्लड बैंकों के सामने बढ़ सकती है चुनौती**

सरकार के इस फैसले के बाद सरकारी ब्लड बैंकों के सामने ब्लड की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने की चुनौती भी बढ़ गई है। वर्तमान में डेंगू और मलेरिया के मामले बढ़ने लगे हैं, जबकि रक्तदान शिविरों की संख्या में कमी आई है। ऐसे में ब्लड बैंकों में अतिरिक्त रक्त की व्यवस्था कैसे होगी, यह बड़ा सवाल बना हुआ है। राजस्थान स्टेट ब्लड ट्रांसफ्यूजन काउंसिल ने सभी सरकारी ब्लड बैंकों के प्रभारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिए हैं कि किसी भी ब्लड ग्रुप की कमी नहीं होने दी जाए।

मुख्यमंत्री के प्रयास ला रहे रंग | आयुष्मान आरोग्य मंदिर बदल रहे राजस्थान में जनस्वास्थ्य की तस्वीर

# 31 लाख से अधिक लोगों ने लिया टेलीमेडिसिन का लाभ, 44 लाख से अधिक वेलनेस सत्र,4 करोड़ से अधिक लोग लाभान्वित

जयपुर(नि.सं.)। राजस्थान में गांव-ढाणी तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की दिशा में आयुष्मान आरोग्य मंदिर एक बड़े बदलाव के रूप में उभरकर सामने आए हैं। पहले जहां सामान्य बीमारी के उपचार के लिए भी लोगों को कई किलोमीटर दूर अस्पतालों का रुख करना पड़ता था, वहीं अब गांव और मोहल्ले के निकट ही बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो रही हैं। गर्भवती की देखभाल से लेकर बच्चों के स्वास्थ्य, गैर-संचारी रोगों की स्क्रीनिंग, मानसिक स्वास्थ्य, बुजुर्गों की देखभाल, टेलीमेडिसिन तथा आवश्यक जांच एवं दवाओं तक




व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएं घर के नजदीक ही उपलब्ध कराई जा रही हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पहल पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति-2017 के अनुरूप देशभर में प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत किया जा रहा है। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश में गांव-ढाणी तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं की तस्वीर बदल रही है। राजस्थान में 18 हजार 436 स्वास्थ्य संस्थानों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में विकसित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिनमें से अब तक करीब 11 हजार 500 आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को पूरी तरह क्रियाशील किया जा चुका है, शेष संस्थानों को चरणबद्ध रूप से शुरू किया जा रहा है। राज्य में वर्तमान में 8,370 उप स्वास्थ्य केंद्र, 2 हजार 107 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, 286 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं 728 शहरी जनता क्लिनिक को आयुष्मान आरोग्य मंदिर के रूप में विकसित कर लोगों को नियमित स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में प्रशिक्षित कम्यूनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ), एएनएम, स्टाफ नर्स और आशा कार्यकर्ता की टीम सातों दिन लोगों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा रही है। इसका सबसे बड़ा लाभ ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को मिल रहा है, जिन्हें अब छोटी-छोटी स्वास्थ्य समस्याओं के लिए जिला अस्पतालों के चक्कर नहीं लगाने पड़ रहे।

# किसान के बेटे सर्वेशने रचा इतिहास



## भारत को हाई जंप में पहला रजत पदक

**ग्लास्गो(एजेंसी)।** भारत के राष्ट्रीय रिकॉर्डधारी सर्वेश कुशारे ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में इतिहास रच दिया। 31 वर्षीय एथलीट ने पुरुष हाई जंप स्पर्धा में 2.25 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक अपने नाम किया। वह कॉमनवेल्थ गेम्स के इतिहास में इस स्पर्धा में रजत पदक जीतने वाले पहले भारतीय बन गए। इससे पहले तेजस्विन शंकर ने 2022 बर्मिंघम खेलों में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था।

### काउंटबैक में स्वर्ण से चूके

सर्वेश और जमैका के रोमेन बेकफोर्ड दोनों ने 2.25 मीटर की ऊंचाई सफलतापूर्वक पार की, लेकिन 2.28 मीटर की ऊंचाई पर दोनों असफल रहे। इसके बाद काउंटबैक नियम के आधार पर फैसला हुआ। बेकफोर्ड ने कम असफल प्रयास किए थे, इसलिए उन्हें स्वर्ण पदक मिला, जबकि सर्वेश को रजत से संतोष करना पड़ा। इंग्लैंड के जैक किमानी ने 2.20 मीटर के साथ कांस्य पदक जीता। भारत के आदर्श राम 2.15 मीटर की छलांग के साथ पांचवें स्थान पर रहे।

### खेत से कॉमनवेल्थ पोडियम तक का सफर

महाराष्ट्र के नासिक जिले के देवगांव निवासी सर्वेश कुशारे का सफर संघर्षों से भरा रहा है। उनके पिता प्याज की खेती करते हैं। बचपन में सुविधाओं की कमी के कारण उनके पिता और पहले कोच ने मकई के छिलकों, कपास और खेतों के अन्य अवशेषों से अस्थायी लैंडिंग पिट तैयार की, ताकि सर्वेश हाई जंप का अभ्यास कर सकें।

### बढ़ा आत्मविश्वास

सर्वेश हाल के महीनों में शानदार फॉर्म में रहे हैं। इसी महीने उन्होंने मोनाको डायमंड लीग में 2.26 मीटर की छलांग लगाकर तीसरा स्थान हासिल किया था और डायमंड लीग में पोडियम पर पहुंचने वाले भारत के चौथे एथलीट बने थे। इससे पहले उन्होंने भुवनेश्वर में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैंपियनशिप में 2.31 मीटर की छलांग लगाकर नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड भी बनाया था।

### पीएम मोदी ने दी बधाई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया पर सर्वेश कुशारे को बधाई देते हुए लिखा, 'कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में पुरुष हाई जंप में रजत पदक जीतने पर सर्वेश कुशारे को हार्दिक बधाई। उनका दृढ़ संकल्प और निरंतरता काबिल-ए-तारीफ है। इस शानदार उपलब्धि पर पूरे देश को उन पर गर्व है। मैं उनके उज्ज्वल भविष्य और आगे भी अनेक सफलताओं की कामना करता हूं।'






### एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतना चाहता हूं

अपने पहले कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतने के बाद सर्वेश ने कहा, 'यह मेरा पहला पदक है और किसी बड़े अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में भी पहला पदक है। एशियाई खेल और कॉमनवेल्थ गेम्स ओलंपिक की तैयारी के लिए अहम प्रतियोगिताएं हैं। मेरा लक्ष्य ओलंपिक में पदक जीतना है। मैं अपनी पूरी कोशिश करूंगा। इसके साथ ही मैं एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना चाहता हूं।' मुकाबले के आखिरी प्रयासों के बारे में उन्होंने कहा, 'मैं हर ऊंचाई को पहले ही प्रयास में पार करना चाहता था। यह मेरे लिए शानदार अनुभव रहा।'

# श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम का एलान

## सारांश जैन टीम में नया चेहरा



**मुंबई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने मंगलवार को श्रीलंका के खिलाफ दो मैचों की टेस्ट सीरीज के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी। दोनों देशों के बीच टेस्ट सीरीज की शुरुआत 15 अगस्त से होगी। टीम की कमान एक बार फिर शुभमन गिल के हाथों में सौंपी गई है, जबकि अनुभवी बल्लेबाज केएल राहुल को उपकप्तान बनाया गया है।

इस टीम में सबसे चौंकाने वाला चयन सारांश जैन का है, जिन्हें पहली बार भारतीय टेस्ट टीम में शामिल किया गया है। घरेलू क्रिकेट में लगातार शानदार प्रदर्शन करने वाले इस ऑलराउंडर को पहली बार सीनियर टीम से बुलावा मिला है। विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी ऋषभ पंत और ध्रुव जुरेल संभालेंगे। बल्लेबाजी में यशस्वी जायसवाल, साई सुदर्शन और देवदत्त पडिक्कल को भी जगह मिली है। ऑलराउंडर के रूप में रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव और मानव सुथार टीम का हिस्सा हैं। बीसीसीआई ने स्पष्ट किया कि वॉशिंगटन सुंदर पहले टेस्ट के लिए चयन के लिए उपलब्ध नहीं थे, इसलिए उन्हें टीम में शामिल नहीं किया गया।

### इन खिलाड़ियों की हुई टेस्ट टीम में वापसी

भारत ने पिछला टेस्ट अफगानिस्तान के खिलाफ खेला था। उस टीम से तुलना करें तो नीतीश रेड्डी, हर्ष दुबे, वॉशिंगटन सुंदर मौजूदा टीम का हिस्सा नहीं हैं। वहीं, रवींद्र जडेजा और बुमराह की टेस्ट टीम में वापसी हुई है। हालांकि, बुमराह का खेलना अभी तय नहीं है। इसके अलावा सारांश नया चेहरा हैं। जडेजा ने पिछला टेस्ट पिछले साल नवंबर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बरसापारा स्टेडियम में खेला था। वह काफी लंबे समय बाद वापसी कर रहे हैं। उनका पिछला अंतरराष्ट्रीय मैच इस साल जनवरी में आया था।

### श्रीलंका दौरे के लिए भारतीय टेस्ट टीम

**कप्तान:** शुभमन गिल, **उपकप्तान:** केएल राहुल, यशस्वी जायसवाल, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), साई सुदर्शन*, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव, मानव सुथार, जसप्रीत बुमराह*, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, गुरनूर बराड़, देवदत्त पडिक्कल, सारांश जैन।साई सुदर्शन और जसप्रीत बुमराह का चयन सब्जेक्ट टू फिटनेस है, यानी बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से फिटनेस मंजूरी मिलने के बाद ही खेल सकेंगे।

# तेजस्विन शंकर ने जीता दिल: चोटिल होकर नहीं खेल पाए तो रो पड़े!



- *फिर भारत को रजत पदक दिलाने में इस तरह की मदद*

कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारतीय एथलीट तेजस्विन शंकर के लिए सोमवार का दिन बेहद भावुक रहा। घुटने की पुरानी चोट उभर आने के कारण उन्हें पुरुष हाई जंप स्पर्धा से बीच में ही हटना पड़ा, लेकिन अपने पदक का सपना टूटने के बावजूद उन्होंने मैदान नहीं छोड़ा। वह पूरे मुकाबले के दौरान साथी खिलाड़ी सर्वेश कुशारे के साथ खड़े रहे और उन्हें तकनीकी सलाह देते रहे। तेजस्विन की यही सलाह सर्वेश के लिए निर्णायक साबित हुई और उन्होंने भारत को हाई जंप में ऐतिहासिक रजत पदक दिला दिया।

बर्मिंघम 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स के कांस्य पदक विजेता तेजस्विन ने वार्म-अप के दौरान घुटने में तेज दर्द महसूस किया। उन्होंने पहली ऊंचाई पार करने की कोशिश की, लेकिन दर्द बढ़ने पर मुकाबले से हटने का फैसला किया। इसके बावजूद वह स्टेडियम में मौजूद रहे और सर्वेश कुशारे के हर प्रयास पर नजर बनाए रखी।

सर्वेश ने बताया कि 2.25 मीटर की ऊंचाई पर उनकी लय बिगड़ गई थी और रन-अप छोटा पड़ने लगा था। ऐसे समय में तेजस्विन ने उन्हें रन-अप थोड़ा आगे से शुरू करने की सलाह दी, जिससे वह अपनी लय वापस हासिल कर सके और रजत पदक जीतने में सफल रहे।

### बस एक दिन दर्द नहीं चाहिए था, लेकिन वही दिन आ गया

मुकाबले के बाद भावुक नजर आए तेजस्विन ने कहा, 'वार्म-अप के दौरान मेरे घुटने में अचानक तेज दर्द हुआ। यह कोई नई समस्या नहीं है। मुझे लंबे समय से टेंडोनाइटिस की दिक्कत है। लगभग हर हाई जंपर इस परेशानी से जूझता है, लेकिन आज यह दर्द ऐसे दिन बढ़ गया, जब मुझे खुद पर पूरा भरोसा था। मुझे यकीन था कि मैं पदक जीत सकता हूं, लेकिन पहली ही ऊंचाई पार नहीं कर सका। यह बहुत तकलीफ देता है।' उन्होंने आगे कहा, 'यह पैटेलर टेंडन के ज्यादा इस्तेमाल की वजह से हुआ। कुछ असाधारण नहीं है, लेकिन आज यह अचानक बढ़ गया और मेरा पूरा मुकाबला खराब हो गया।' तेजस्विन ने बताया कि उन्होंने आगे जोखिम नहीं लिया क्योंकि दो दिन बाद डेकाथलॉन स्पर्धा शुरू होनी है। उन्होंने कहा, 'मेरे पास अभी दो दिन हैं। मैं इन दो दिनों में पूरी कोशिश करूंगा कि चोट से उबर सकूं। मैं यहां छुट्टियां मनाने नहीं आया हूं। मैं डेकाथलॉन में जरूर उतरूंगा। अगर किसी तरह हाई जंप और लंबी कूद में दर्द को संभाल लिया, तो बाकी स्पर्धाओं में अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा है।'

## बुमराह-सुदर्शन का चयन सब्जेक्ट टू फिटनेस



तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुआई जसप्रीत बुमराह करेंगे। उनके साथ मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा और गुरनूर बराड़ को भी टीम में शामिल किया गया है। हालांकि, बीसीसीआई ने स्पष्ट किया है कि साई सुदर्शन और जसप्रीत बुमराह की उपलब्धता बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस से फिटनेस मंजूरी मिलने पर निर्भर करेगी।

### इंडिया बनाम श्रीलंका: टेस्ट सीरीज का शेड्यूल

इसके साथ ही बात की जाए शेड्यूल की तो पहला मैच 15 से 19 अगस्त के बीच गाले में खेला जाएगा। फिर कोलंबो में होने वाले दूसरे टेस्ट का आगाज 23 अगस्त से हो जाएगा। ये सभी मुकाबले भारतीय समय के अनुसार 10 बजे शुरू होंगे।

फॉर्मेट भी बदलेगा

## एशियाई खेलों में जलवा दिखाते नजर आएंगे वैभव!



**नई दिल्ली।** भारतीय टीम ने जिम्बाब्वे दौरे पर टी20 सीरीज 3-0 से अपने नाम की। कप्तान श्रेयस अय्यर की कप्तानी में लगातार दो टी20 सीरीज गंवाने के बाद अब भारत ने अय्यर की कप्तानी में खाता खोला है। वैभव सूर्यवंशी इस सीरीज में हीरो रहे और 3 पारियों में 151 रन बनाकर टॉप स्कोरर भी बने। उन्हें अंतिम मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज भी चुना गया। अब नजरें होंगी कि कब वैभव फिर से टीम इंडिया की जर्सी में नजर आएंगे।

दरअसल अब टीम इंडिया को श्रीलंका का दौरा करना है जहां दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे। उसके बाद अफगानिस्तान की मेजबानी में दिल्ली में तीन मैचों की टी20 [illegible] को आयोजित हो सकती है। मगर उससे पहले टीम इंडिया तीन वनडे और तीन टी20 बांग्लादेश के साथ भी खेल सकती है जिसकी पुष्टि नहीं हुई है।

अगर बांग्लादेश सीरीज हुई तो अफगानिस्तान के खिलाफ मैचों की तारीखें आगे खिसक सकती हैं।

अफगानिस्तान के खिलाफ टी20 सीरीज का आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है। मगर सितंबर के अंत में जापान में होने वाले एशियाई खेलों में वैभव सूर्यवंशी भारतीय स्क्वाड का हिस्सा हैं। यानी अगर अफगानिस्तान-बांग्लादेश सीरीज नहीं हुई तो वैभव सीधे एशियाई खेलों में जलवा दिखाते नजर आएंगे। वरना उससे पहले भी दिल्ली में उनका जलवा देखने को मिल [illegible]

# बिंदियारानी का कमाल, ब्रॉन्ज किया अपने नाम

**नई दिल्ली।** ग्लास्गो कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत के नाम छठा पदक हो गया है। भारत को वेटलिफ्टिंग में पांचवां मेडल मिला है। 58 किलोग्राम वर्ग में बिंदियारानी देवी ने ब्रॉन्ज मेडल अपने नाम किया है। उन्होंने स्नैच और क्लीन एंड जर्क मिलाकर 199 किलोग्राम का कुल वजन उठाया और देश को मेडल दिलाया। इससे पहले बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में उन्होंने सिल्वर मेडल अपने नाम किया था।

58 किलोग्राम की प्रतियोगिता में बिंदियारानी देवी ने स्नैच में अपना बेस्ट अटेम्प्ट 86 किलोग्राम वजन उठाकर दिया था। इसके बाद क्लीन एंड जर्क में उनका बेस्ट 113 किलोग्राम रहा। कुल मिलाकर 199 किलोग्राम के साथ उन्होंने ब्रॉन्ज जीता। वहीं 53 किलोग्राम के बाद 58 किलोग्राम में भी नाईजीरिया को गोल्ड मेडल मिला। राफियातू लावल ने स्वर्ण पदक अपने नाम किया।

इससे पहले 27 जुलाई सोमवार को भारत को वेटलिफ्टिंग में ही 53 किलोग्राम वर्ग में ज्ञानेश्वरी यादव ने सिल्वर मेडल दिलाया था। भारत को अब तक मौजूदा राष्ट्रमंडल खेलों में एकमात्र गोल मीराबाई चानू ने दिलाया था। उनको जोड़कर दो पुरुष और तीन महिला वेटलिफ्टर अभी तक इन खेलों में मेडल अपने नाम कर चुके हैं। जबकि एकमात्र मेडल वेटलिफ्टिंग के अलावा पैरा पॉवरलिफ्टिंग में आया था। कॉमनवेल्थ खेलों में भारतीय वेटलिफ्टर्स का प्रदर्शन लगातार शानदार रहा है। भारत वेटलिफ्टिंग के मामले में ऑस्ट्रेलिया के बाद दूसरा सबसे सफल देश है जिसने राष्ट्रमंडल खेलों में अब तक 134 मेडल जीते हैं और 46 गोल्ड इसमें शामिल हैं। 2022 में बर्मिंघम कॉमनवेल्थ गेम्स में भारत को 10 मेडल (3 गोल्ड, 3 सिल्वर, 4 ब्रॉन्ज) वेटलिफ्टिंग में ही [illegible]



## भालाफेंक में नीरज से टक्कर लेने को तैयार हैं पाकिस्तान के अरशद खान

**ग्लास्गो।** भालाफेंक में राष्ट्रमंडल खेलों और ओलंपिक के मौजूदा चैंपियन अरशद नदीम स्विट्जरलैंड में खराब मौसम के कारण अच्छी तरह से अभ्यास नहीं कर पाए, लेकिन लंबे समय से उनके कोच रहे सलमान बट ने कहा कि वह पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता के क्वालिफाइंग राउंड के लिए पूरी तरह से तैयार हैं।

पाकिस्तान राष्ट्रमंडल खेलों में अभी तक एक भी पदक नहीं जीत पाया है और उसकी उम्मीद अरशद पर टिकी है। अरशद का हाल का प्रदर्शन हालांकि अच्छा नहीं रहा तथा वह इस महीने की शुरुआत में स्विट्जरलैंड में ल्यूसर्न सिल्वर मीट में नौवें स्थान पर रहे थे। वह परिस्थितियों से वाकिफ होने के लिए काफी पहले ग्लास्गो पहुंच गए थे और 30 जुलाई को होने वाले क्वालिफायर के लिए तैयार हैं।

बट ने न्यूज एजेंसी पीटीआई को बताया, 'बारिश के कारण अरशद को स्विट्जरलैंड में खेली गई प्रतियोगिता से पहले ठीक से तैयारी करने का मौका नहीं मिला और उसे गीली सतह की स्थितियों से सामंजस्य बिठाने में संघर्ष करना पड़ा।' उन्होंने कहा, 'लेकिन अब वह ग्लास्गो की परिस्थितियों के अनुकूल हो रहा है। वह क्वालीफायर के लिए पूरी तरह से तैयार है और इस प्रतियोगिता में फिर से अच्छा प्रदर्शन करना

फॉर्मेट भी बदलेगा

## टी20 वर्ल्ड कप में 20 नहीं 24 टीमें लेंगी हिस्सा!



**नई दिल्ली।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल द्वारा हाल ही में 2028 और 2030 टी20 वर्ल्ड कप में टूर्नामेंट के फॉर्मेट बदलने की जानकारी दी गई थी। अब नई रिपोर्ट के मुताबिक यह जानकारी सामने आई है कि, आईसीसी ने अब टीमों की संख्या बढ़ाने का भी प्लान किया है। अभी तक 20 टीमें टी20 वर्ल्ड कप में हिस्सा लेती हैं। गौरतलब है कि 2024 में 16 से 20 तक संख्या बढ़ाई गई थी। अब यह संख्या 24 तक जा सकती है। द टेलीग्राफ की हालिया रिपोर्ट के मुताबिक आईसीसी ने अपना विजन टी20 वर्ल्ड कप को 32 टीमों का टूर्नामेंट बनाने का रखा है। ऐसे में 2032 के संस्करण में 20 से 24 टीमों तक यह टूर्नामेंट बढ़ सकता है। हालांकि, अगले दो संस्करण 2028 और 2030 में 20 टीमें [illegible]

### क्यों लिया जा सकता है यह फैसला?

रिपोर्ट में कहा गया कि 2026 टी20 वर्ल्ड कप की सफलता के बाद गवर्निंग काउंसिल द्वारा अन्य देशों के लिए मौके बढ़ाने और दुनियाभर में क्रिकेट के नए बाजार को तैयार करने के लिए यह फैसला लिया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक आईसीसी का विजन है टी20 वर्ल्ड कप को 32 टीमों का टूर्नामेंट करवाने का। इसलिए आईसीसी धीरे-धीरे टीमों की संख्या बढ़ाकर इस टूर्नामेंट की सफलता को आंकना चाहता है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि आईसीसी के मुताबिक टी20 फॉर्मेट क्रिकेट को दुनियाभर में आगे बढ़ाने का सबसे असरदार जरिया है। 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक में भी क्रिकेट

स्वत्वाधिकार प्रकाशन एवं मुद्रक राजकुमार आमेटा के लिए स्मार्ट कम्प्यूटर्स एण्ड प्रिन्टर्स, कोर्ट के सामने, माण्डलगढ़ से प्रकाशित एवं मुद्रित। मो. 9649222850 Email.smarthalchalnews@gmail.com